रोहतक
शुक्रवार, 26 सितंबर 2025
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 237
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 36.7
न्यून. 22.5

haribhoomi.com

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

बाजार का हाल

मार्केट	बंद	गिरावट
सेंसेक्स	81,159.68	555.95 ▼
निफ्टी	24,890.85	166.05 ▼

धातु	कीमत	नीचे/ऊपर
सोना	1,17,370/-	630/- ▼
चांदी	1,40,000/-	1000/- ▲

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

मुद्रा	प्रति डॉलर	ऊपर/नीचे
रुपया	88.68	7 पैसे ▲
क्रूड ऑयल	69.04 बैरल	0.39% ▼

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

लाडो लक्ष्मी का श्रीगणेश, एक नवंबर से खाते में खटाखट आएंगे ₹2100

- योजना को लेकर महिलाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह
- **20** लाख महिलाओं को पहले चरण में मिलेगा लाभ
- **50000** ने एप लॉन्च होते ही किया डाउनलोड
- **8000** महिलाओं ने तुरंत करवाया पंजीकरण
- **02** टोल फ्री नंबर जारी, प्रक्रिया को सरल बनाएंगे

सीएम ने योजना का मोबाइल एप किया लॉन्च

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने अंत्योदय प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती को विकास, अंत्योदय उत्थान और नारी शक्ति को समर्पित करते हुए कई महत्वाकांक्षी योजनाओं और परियोजनाओं की सौगात जनता को दी। इस अवसर पर पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए 'दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना' की शुरुआत की और योजना को सुचारू रूप से लागू करने के लिए विशेष मोबाइल एप भी लॉन्च किया। मुख्यमंत्री ने आवेदन के समय आने वाली समस्या के समाधान के लिए टोल फ्री नंबर 18001802231 और हेल्पलाइन नंबर 01724880500 भी लॉन्च किया। कार्यक्रम के दौरान ही योजना के तहत पात्र पांच महिलाओं का लाइव पंजीकरण भी करवाया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि मोबाइल एप लॉन्च होने के कुछ समय के भीतर ही लगभग 50 हजार महिलाओं ने अपने मोबाइल पर इस एप को डाउनलोड किया है और लगभग 8,000 महिलाओं ने आवेदन किया है।

महिलाओं और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए सरकार प्रतिबद्ध

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन से प्रेरित होकर हरियाणा सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य विकास की योजनाओं को अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक पहुंचाना है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन से प्रेरित होकर हरियाणा सरकार समाज के हर वर्ग, विशेषकर महिलाओं और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने शारदीय नवरात्रों और कर्मयोगी व राष्ट्रनायक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि 'राष्ट्र तभी महान बन सकता है, जब उसकी नारी सुरक्षित, शिक्षित और सम्मानित होगी। हरियाणा सरकार का यह दृढ़ संकल्प है कि महिलाएं और बेटियां आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर हो और समाज की मुख्य धारा में भाग लें। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना को लागू किया जा रहा है।

पारदर्शी और सुगम योजना

सैनी ने बताया कि नवरात्रि की पावन वेला और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के जन्मदिन के अवसर पर लाडो लक्ष्मी योजना ऐप का शुभारंभ किया गया है। एप के माध्यम से योजना को पारदर्शी और सुगम बनाया गया है।

5 लाख लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य

5 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। अब तक 2 लाख 13 हजार महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जा चुका है। ड्रोन दीदी योजना में 100 महिलाओं को ड्रोन व प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

10 नए अस्पतालों का उद्घाटन

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को 851 करोड़ रुपये की योजनाओं का उद्घाटन किया गया। उन्होंने 10 नए अस्पतालों का उद्घाटन भी किया और बताया कि प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत गंभीर बीमारियों का इलाज 5 लाख रुपये तक फ्री है।

(संबंधित खबर पेज 2 पर)

5000 करोड़ का बजट

इस योजना के लिए राज्य सरकार ने 5,000 करोड़ रुपये का बजट रखा है और पहले फेज में 21 लाख महिलाओं को लाभ दिया जाएगा। हर पात्र महिला को सीधे उनके बैंक खाते में हर महीने 2,100 रुपये दिए जाएंगे।

टोल-फ्री नंबर

मुख्यमंत्री सैनी ने पंजीकरण में किसी भी दिक्कत के लिए दो टोल-फ्री नंबर जारी किए- 01724880500 और 18001802231, जारी किए, ताकि हरियाणा की किसी भी महिला को फॉर्म अप्लाई में कोई परेशानी न आए।

महिलाओं की भागीदारी

सैनी ने कहा कि जैसे ही एप लॉन्च हुआ, प्रदेश में 50 हजार महिलाओं ने इसे डाउनलोड कर लिया और 8 हजार महिलाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन भी करवा लिया। उन्होंने इस तेजी को प्रदेश की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी का संकेत बताया।

ये दस्तावेज जरूरी

- हरियाणा का स्थायी निवासी प्रमाण पत्र होना जरूरी।
- हरियाणा में पंजीकृत परिवार पहचान पत्र होना आवश्यक।
- आधार कार्ड : ई-केवाईसी और डीबीटी के लिए
- बैंक खाता पासबुक : आधार से लिंक और डीबीटी-सक्षम
- आय प्रमाण पत्र : 1 लाख रुपये तक आय का प्रमाण।
- निवास प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र (विवाहित महिलाओं के लिए)।
- पासपोर्ट साइज फोटो।
- मोबाइल नंबर आधार से लिंक होना जरूरी।
- परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड होना जरूरी।
- महिला विवाहित है तो ससुराल के सभी सदस्यों के आधार कार्ड।
- बिजली बिल का कनेक्शन नंबर।
- एचकेआरएन रजिस्ट्रेशन नंबर।
- महिला और परिवार के सभी सदस्यों के नाम दर्ज वाहनों का विवरण
- एक मोबाइल से 25 रजिस्ट्रेशन हो सकेंगे।
- यह जरूरी नहीं कि मोबाइल नंबर योजना की लाभार्थी के नाम ही पंजीकृत हो।
- मोबाइल नंबर : आधार से लिंक, एसएमएस और ई-केवाईसी के लिए।

ऐसे कर सकते हैं योजना के लिए रजिस्ट्रेशन

- सबसे पहले लाडो लक्ष्मी एप डाउनलोड करना होगा। महिलाओं को लाडो लक्ष्मी एप के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करवाना होगा।
- एप से ही पहचान, सत्यापन, समाधान, शिकायत, निगरानी की जाएगी।
- आवेदन करने के बाद एक पंजीकरण आईडी मिलेगी। सभी पंजीकृत आवेदन नागरिक संसाधन सूचना विभाग (सीआरआईडी) को भेजे जाएंगे।
- क्रिड 15 दिनों में परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) व अन्य वेरिफिकेशन सिस्टम से मिलान कर विवरण का सत्यापन करेगा।
- उसके बाद क्रिड पात्र लाभार्थियों की सूची तैयार कर उन्हें एसएमएस भेजेगा।
- इसकी पुष्टि होने पर अगले महीने से लाभार्थी को योजना का लाभ मिलने लगेगा।

चार कानूनी बिंदुओं पर विचार करते हुए हाईकोर्ट का फैसला

चेक बाउंस में अपील पर 20% जमा जरूरी नहीं : हाईकोर्ट

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक अहम फैसले में स्पष्ट किया है कि चेक बाउंस मामलों में दोषसिद्ध आरोपित को अपील करने या अपील के निपटारे के लिए मुआवजे की राशि का 20 प्रतिशत जमा करना अनिवार्य नहीं है। कोर्ट ने कहा कि धारा 148, परक्राम्य लिखत अधिनियम का उद्देश्य वाणिज्यिक लेन-देन को सुरक्षित करना जरूर है, लेकिन इसे कानून का विस्तार करके अपील के अधिकार पर पूर्व-शर्त की तरह लागू नहीं किया जा सकता। पीठ ने यह फैसला चार कानूनी बिंदुओं पर विचार करते हुए सुनाया। अपीलीय अदालत सज़ा स्थगन की याचिका पर विचार करते समय 20 प्रतिशत राशि जमा करने की शर्त लगा सकती है यदि आरोपित इस शर्त का पालन नहीं करता।

हिसार कोर्ट से झटका, मामले में 980 से अधिक आरोपी

देशद्रोह मामले में रामपाल की जमानत याचिका खारिज

हिसार (हरिभूमि न्यूज)। देशद्रोह के मामले में जेल में बंद रामपाल को बड़ा झटका लगा है। अदालत ने इस मामले में गुरुवार को बहस व पुलिस के जवाब सुनने के बाद रामपाल की जमानत याचिका रद कर दी। रामपाल के वकील महेंद्र सिंह नैन व सचिन दास ने अगले सप्ताह हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर करने की बात कही है। देशद्रोह के इस मामले में इस मामले में 980 से अधिक आरोपी हैं। इनमें से रामपाल और हाल ही में गिरफ्तार एक आरोपी जेल में है। रामपाल चार आपराधिक मामलों से बरी हो चुके है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हत्या के दो मामलों में उनकी सजा निलंबित कर दी है। लगभग 19 साल पहले रोहतक के करौंथा आश्रम में संघर्ष में एक युवक की हत्या हुई थी।

खबर संक्षेप

लाडो लक्ष्मी महिलाओं के साथ छल : ढांडा

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने गुरुवार को बीजेपी सरकार द्वारा दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की एप लॉन्च को लेकर सीएम पर तीखा हमला बोला और इसे महिलाओं के साथ सबसे बड़ा राजनीतिक छल करार दिया। उन्होंने कहा कि सीएम नायब सिंह ने पंचकूला में इस योजना और मोबाइल एप का शुभारंभ तो कर दिया, लेकिन यह लॉन्च असल में चुनावी धोखे की शुरुआत है।

साधुओं के मामले में गवाह से जिरह की मंजूरी

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह और अन्य के खिलाफ दर्ज यौन शोषण व नपुंसक बनाने के मामले में एक महत्वपूर्ण आदेश देते हुए गवाह की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिरह की अनुमति बरकरार रखी है। जस्टिस अमन चौधरी की पीठ ने आरोपी डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह की याचिका को खारिज कर दिया।

उदयभान की याचिका पर चुनाव आयोग को नोटिस

चंडीगढ़। हाईकोर्ट ने हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक उदयभान की एक अर्जी पर केंद्रीय चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। उदयभान ने अपनी याचिका में होडल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक हरिंदर सिंह की जीत को चुनौती दी है। पूर्व एडिशनल सॉलिसिटर जनरल मोहन जैन ने पक्ष रखते हुए कहा कि जनप्रतिनिधित्व कानून, सुप्रीम कोर्ट के फैसलों में स्पष्ट है कि चुनाव याचिका दायर करने के छह माह के भीतर उसका निपटारा करना जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने 29वें केंद्रीय एवं राज्य सांख्यिकी संगठन सम्मेलन को संबोधित किया

आंकड़े सही निर्णय का आधार तथ्यों के बिना विकास अधूरा

डिजिटल इंडिया के माध्यम से डाटा संग्रहण और पारदर्शिता को दी नई ऊंचाई

'चिल्ड्रन इन इंडिया 2025' और एनवायरनमेंट एकाउंटिंग ऑन फॉरेस्ट 2025 का विमोचन

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सही आंकड़े सही निर्णय का आधार होते हैं और तथ्यों के बिना विकास अधूरा है। हर क्षेत्र में सटीक आंकड़ों की भूमिका निर्णायक होती है और कोई भी नीति तभी सफल होगी, जब वह वास्तविक आंकड़ों पर आधारित होगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह बात बृहस्पतिवार यहां 'स्थानीय स्तर के शासन का सशक्तिकरण' विषय पर आयोजित 29वें केंद्रीय एवं राज्य सांख्यिकी संगठन सम्मेलन के दौरान नीति-निर्माताओं, सांख्यिकीविदों और विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कही। इस अवसर पर केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह भी उपस्थित रहे।

शासन को स्थानीय स्तर पर सशक्त किया जा रहा

उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर शासन को सशक्त बनाना है। यह न केवल समय की मांग है, बल्कि नए भारत की आकांक्षाओं की पूर्ति का मार्ग भी है। जब शासन को स्थानीय स्तर पर सशक्त किया जाता है, तब योजनाएं केवल फाइलों में नहीं रहतीं, बल्कि जन-जन तक पहुंचती हैं तो यही लोकतंत्र की ताकत है। इस दौरान मुख्यमंत्री और केंद्रीय राज्यमंत्री ने 'चिल्ड्रन इन इंडिया 2025' और एनवायरनमेंट एकाउंटिंग ऑन फॉरेस्ट 2025 का विमोचन किया।

'डाटा ड्राइवन गवर्नेंस' को दी प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले एक दशक में डाटा ड्राइवन गवर्नेंस को प्राथमिकता दी है। उन्होंने आधार कार्ड से पहचान को सुनिश्चित किया और जनधन खातों से गरीबों तक योजनाएं सीधे पहुंचाने का कार्य किया है। डिजिटल इंडिया के माध्यम से डेटा संग्रहण और पारदर्शिता को नई ऊंचाई दी। इससे देश का तेजी से विकास संभव हो पायाहै।

तकनीक के साथ समन्वय

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले एक दशक में डाटा ड्राइवन गवर्नेंस को प्राथमिकता दी है। उन्होंने आधार कार्ड से पहचान को सुनिश्चित किया और जनधन खातों से गरीबों तक योजनाएं सीधे पहुंचाने का कार्य किया है।

मुख्यमंत्री ने एक दिन, एक घंटा, एक साथ किया श्रमदान

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नगर निकायों में स्वच्छता के प्रति प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से स्वच्छता रैंकिंग शुरू की जाएगी। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले निकायों को प्रोत्साहित किया जाएगा और साथ ही इस अभियान में लगे स्वच्छता मित्रों को भी सम्मानित किया जाएगा।

मेजर सांखला को नमन किया

मुख्यमंत्री पंचकूला में शहीद स्मारक सेक्टर-2 में विशेष श्रमदान अभियान एक दिन, एक घंटा, एक साथ के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शहीद मेजर संदीप सांखला की प्रतिमा पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और शहीद की माता मंजू कंवर का आशीर्वाद लिया।

कुरुक्षेत्र में म्यूजियम को लेकर बैठक, केंद्रीय मंत्री मनोहर भी साथ रहे

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा निवास में कुरुक्षेत्र में बनने वाले सिख म्यूजियम और संत शिरोमणि गुरु रविदास म्यूजियम के निर्माण के संबंध में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय ऊर्जा और आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।दोनों म्यूजियम के डिजाइन और निर्माण कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों से सुझाव लिए गए और यह निर्देश दिया गया कि परियोजनाओं का कार्य नियत समय सीमा में पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि म्यूजियम गुरुओं की याद और शिक्षा को संजोएंगे और युवाओं को उनके जीवन दर्शन व आदर्शों से प्रेरित करेंगे। बैठक में म्यूजियम की विषयवस्तु, स्थापत्य और दर्शनीयता पर भी सुझाव लिए गए।

मुख्यमंत्री ने पानीपत को दी करोड़ों की सौगातें

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पानीपत शहरी विधानसभा वासियों को सौगात देते हुए पुराने औद्योगिक क्षेत्र को जीटी रोड से जोड़ने वाले 70 करोड़ 42 लाख की लागत से बनने वाले रेलवे ओवर ब्रिज तथा 18 करोड़ 95 लाख से बनने वाले फायर स्टेशन केंद्र का शिलान्यास किया। इसके अलावा, उन्होंने भगवद् गीता चौक के लिए 50 लाख रुपये और पालिका बाजार पुनर्निर्माण के लिए 40 करोड़ रुपये देने की भी घोषणा की। साथ ही, उन्होंने पानीपत में अपराधों की रोकथाम के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री पानीपत में आयोजित एक कार्यक्रम में उपस्थित जन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भाजपा के जिला कार्यालय श्याम कमल का भी उद्घाटन किया। नायब सिंह सैनी ने विधायक प्रमोद विज की विभिन्न मांगों पर भी सहमति दी।

गृह सचिव को डीजीपी और अन्य अधिकारियों पर अनुशासनात्मक मामलों में सर्वोच्च अधिकार प्राप्त

- हाईकोर्ट ने दो कर्मियों की बर्खास्तगी को अनिवार्य सेवानिवृत्ति में बदलने का आदेश देते हुए दिया फैसला

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक फैसले में स्पष्ट किया है कि हरियाणा गृह विभाग के सचिव को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तथा अन्य अधीनस्थ अधिकारियों पर अनुशासनात्मक मामलों में सर्वोच्च अधिकार प्राप्त हैं। कोर्ट ने साफ कहा कि पुलिस अधीक्षक (एसपी) और अन्य अधिकारी गृह सचिव के आदेशों का पालन करने के लिए बाध्य हैं और उन्हें अनदेखा या रद्द करने का कोई अधिकार नहीं है।यह फैसला जस्टिस जगमोहन बंसल ने यह आदेश जारी किया। मामला 2001 के डबवाली (सिरसा) हिरासत हिंसा प्रकरण से जुड़ा है, जिसमें कुछ पुलिस कर्मियों पर बंदी को पीटने, अवैध रूप से हिरासत में रखने और झूठे दस्तावेज बनाने के आरोप लगे थे। वर्ष 2012 में निचली अदालत ने उन्हें मामूली धाराओं में दोषी ठहराया और तीन साल की सजा सुनाई। इसके बाद इन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। हालांकि कुछ दोषियों की सजा को गृह विभाग ने बदलते हुए बर्खास्तगी की जगह अनिवार्य सेवानिवृत्ति कर दी थी।

नीलामी सूचना

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, यमुनानगर द्वारा जब्त / अनाधिकृत भंडारण से प्राप्त यूरिया, खाद , उर्वरक की नीलामी आयोजित की जाएगी

दिनांक : 30.09.2025
समय: प्रातः 11:00 बजे
स्थान : कार्यालय उप कृषि निदेशक, यमुनानगर

केवल वैध उर्वरक होलसेल / रिटेल लाइसेंस धारक ही भाग ले सकेंगे।
इच्छुक बोलीदाता को लाइसेंस, जी0एस0टी0 पंजीकरण (यदि लागू हो) एवं पहचान पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।
सफल बोलीदाता को तत्काल राशि जमा करनी होगी।
नीलामी की स्वीकृति का अधिकार विभाग को सुरक्षित रहेगा।
अन्य शर्तें स्थल पर बताई जाएँगी।
सभी पात्र विक्रेताओं से निवेदन है कि निर्धारित समय पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग लें ।

अधीकृत कमेटी, जिला प्रशासन, यमुनानगर।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजपाल, पुत्रः सुलतान सिंह, निवासीः गांव मुरथल, पाना भादा, सोनीपत, हरियाणा** ने **FIR No. 471/2019, U/s: 279/338 IPC, पुलिस थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजपाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राजपाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **राजपाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.11.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रीतिका जैन
जेएमएफसी–05, उत्तर पश्चिम, कमरा नं. – 105, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/12789/OD/2025

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा

धान किसानों को बोनस दे सरकार 3100 के वादे को तुरंत पूरा करें

चंडीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि सरकार लगातार किसानों के साथ धोखा कर रही है। सरकार ने 22 सितंबर से धान की खरीद शुरू करने की घोषणा की थी, लेकिन कई दिनों से किसान मंडियों में खरीद एजेंसियों का इंतजार कर रहे हैं। इसके बावजूद, खरीद शुरू नहीं हो रही है। इस स्थिति के कारण किसान निजी एजेंसियों के हाथों लुटने को मजबूर हैं। मंडियों में धान, बाजरा और कपास की आवक शुरू हो गई है। लेकिन सरकारी खरीद नहीं होने के चलते किसानों को एमएसपी से 300-400 कम रेट पर धान, करीब 600 रुपये कम रेट पर बाजारा और करीब 2000 कम रेट पर अपनी कपास बेचनी पड़ रही है।

पहले से बाढ़ की मार झेल रहे किसान

बाढ़ की मार के बाद अब किसान सरकार की मार झेलने को मजबूर हैं। हुड्डा ने बताया कि एकाध जगह सरकार द्वारा धान की खरीद में प्रति क्विंटल 150 से 200 रुपये तक का कट लगाया जा रहा है, जबकि किसान पहले ही बाढ़ की मार झेल रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में सरकार को बोनस देकर किसानों की मदद करनी चाहिए थी।

सिरसा सांसद कुमारी सैलजा का आरोप

प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही

चंडीगढ़। सांसद सैलजा ने हरियाणा में तेजी से बढ़ते अपराधों की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में हरियाणा देश में सबसे ऊपर है और हत्या, लूट नशे के मामलों में भी आंकड़े चिंताजनक हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में हरियाणा देश में सबसे ऊपर है और हत्या, लूट व नशे के मामलों में भी आंकड़े चिंताजनक हैं। उन्होंने एनसीआरबी के ताजा आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं कि हरियाणा अपराध के मामलों में लगातार शीर्ष राज्यों में गिना जा रहा है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में हरियाणा देश में सबसे ऊपर है और हत्या, लूट व नशे के मामलों में भी आंकड़े चिंताजनक हैं। सिरसा के राम कॉलोनी में बुधवार को दिनदहाड़े वकील के घर हुई करीब 15 लाख रुपये की लूट की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि यह घटना सिरसा जैसे शांत शहर में होना डरा रहा है।

चौ. देवीलाल ने ताउम्र जनकल्याण की सोच के साथ काम किया : चौटाला

चंडीगढ़। जननायक चौधरी देवीलाल की 112वीं जयंती को जननायक जनता पार्टी ने प्रदेशभर में मनाया। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा कि पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल एक व्यक्ति न होकर बल्कि सामाजिक संस्था थे, जिससे जीवन के मूल्य और आदर्श सीखे जाते हैं। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल ने बिना भेदभाव सभी वर्गों को लाभान्वित करने के लिए कार्य किए और इनमें सबसे प्रमुख बुजुर्गों के लिए सामाजिक सम्मान पेंशन लागू कर देश में एक नई पहल की, जिसे आज देश के अनेक राज्य अपना रहे है। अदिल्ली स्थित संसद भवन में स्थापित जननायक चौधरी देवीलाल की प्रतिमा पर हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व अन्य जेजेपी नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि चौ देवीलाल ने भारत की प्रगति के लिए अनेक जनहितैषी बदलाव किए।

THE MAHENDRAGARH CENTRAL COOP. BANK LTD; MAHENDRAGARH

INVITATION FOR QUOTATIONS FROM SECURITY AGENCIES

The Mahendragarh Central Cooperative Bank Ltd. invites sealed quotations from licensed security agencies for providing security guard services at our branches and Head Office.

Agencies fulfilling the following criteria are eligible to apply:

Eligibility Criteria :
1. Must possess a valid license under the Private Security Agencies (Regulation) Act, 2005 (PSARA).
2. Must be registered with relevant statutory authorities (ESIC, EPFO, GST, etc.).
3. Should have trained security personnel with proper uniforms and ID cards.
4. Preference will be given to agencies employing ex-servicemen.

Scope of Work:
- Deployment of armed guards at the branches as per bank requirements.
- Vigilance and safety of premises, customers, and staff.
- Compliance with all legal/statutory obligations.

Submission of Quotation :
Interested agencies are requested to submit their sealed quotations clearly mentioning:
- Monthly rate per guard (armed/unarmed), inclusive of all statutory liabilities.
- Details of compliance with statutory requirements.
- Company profile and experience.
- Copy of PSARA license and registration certificates.

The sealed quotation should be submitted on or before 10 october 2025 upto 5pm addressed to :
The General Manager
The Mahendragarh Central Cooperative Bank
Railway Road,Mahendragarh.
The Bank reserves the right to reject any or all quotations without assigning any reason thereof.
GENERAL MANAGER

मांगों को लेकर आईसीडीएस सुपरवाइजर करेंगी आंदोलन

चंडीगढ़। आईसीडीएस सुपरवाइजर वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा ने महिला एवं बाल विकास विभाग पर उनकी मांगों की अनदेखी करने और सुपरवाइजरों का जानबूझकर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। एसोसिएशन ने कड़े शब्दों में निंदा करते हुए विभाग को चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र मांगों का समाधान कर उत्पीड़न बंद नहीं किया तो राज्य भर की सुपरवाइजर आंदोलन करने पर मजबूर होगी। राज्य प्रधान सुशीला सिहाग , ने बताया कि विभाग द्वारा पीएमएमवीवाई का बहाना लेकर दो सुपरवाइजरों की पदोन्नति को जानबूझकर गलत तरीके से रोक कर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है।

पैक्सों के कंप्यूटरीकरण से पारदर्शिता और दक्षता बढ़ेगी: डॉ. प्रफुल्ल रंजन

चंडीगढ़। हरको बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सी.ई.ओ. डॉ. प्रफुल्ल रंजन ने पैक्सों के शीघ्र पूर्ण कंप्यूटरीकरण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इस प्रक्रिया के पूर्ण होने के उपरांत पैक्सों के कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ेगी तथा उन्हें जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों से जोड़ा जाएगा, जिससे सरकार की सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो सकेगा। प्रबंध निदेशक बृहस्पतिवार को हरको बैंक द्वारा हरियाणा राज्य की सभी लाभकारी पैक्स पीसीसीएस एफएसएस को लेकर आज पंचकूला के पी.डब्ल्यू.डी. विश्राम गृह में आयोजित सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा सहकारिता मंत्री के नेतृत्व में पैक्सों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु कई पहल की गई हैं। इनमें जन औषधि केन्द्र, सामान्य सेवा केन्द्र, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र, पेट्रोल-डीजल एवं एल.पी.जी. आउटलेट जैसी योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से पैक्सों को मजबूत एवं सुदृढ़ बनाने में सहयोग का आह्वान किया।

केंद्रीय मंत्री ने वोकल फॉर लोकल मेले में की शिरकत

चंडीगढ़। केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने निर्माताओं और दुकानदारों से कहा कि वे विदेशी वस्तुओं के बजाय स्वदेशी सामानों का ही उत्पादन और बिक्री करें। हमें स्वदेशी चीजों की बिक्री के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना चाहिए।केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामले मंत्री ने सेवा पखवाड़ा के तहत करनाल में आयोजित वोकल फॉर लोकल मेले में हिस्सा लिया और दुकानदारों व खरीदारों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह हमारे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उच्च शिक्षा युवाओं के सर्वांगीण विकास का माध्यम : राज्यपाल

चंडीगढ़। राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार के लिए तैयार करने का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं को अपनी तकदीर स्वयं गढ़ने के लिए सक्षम बनाने का साधन है। राज्यपाल बृहस्पतिवार को हरियाणा राजभवन में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और कुलसचिवों के साथ आयोजित दो दिवसीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि हरियाणा तीव्र गति से वैश्विक शिक्षा केंद्र के रूप में उभर रहा है। यह परिवर्तन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निष्ठावान एवं गतिशील नेतृत्व के कारण सम्भव हुआ है। उन्होंने कहा कि इस बैठक में विश्वविद्यालयों में मानव संसाधन सुदृढ़ करने, अवसंरचना बढ़ाने, शैक्षणिक गतिविधियों को समृद्ध करने, वित्तीय प्रबंधन को सुगम बनाने, छात्रों को कौशल प्रदान करने, स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा देने, शोध एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने तथा विश्वविद्यालय परिसरों में सुरक्षित, नशा-मुक्त और समावेशी वातावरण सुनिश्चित करना जरूरी है।

THE MAHENDRAGARH CENTRAL COOP. BANK LTD; MAHENDRAGARH

REQUIREMENT OF COMMERCIAL PREMISES ON RENT

The Mahendragarh Central Cooperative Bank, a leading bank, invites offers for suitable commercial premises on rent for shifting the branch and Head Office.

Preferred Location: Railway Road,Near Anaj Mandi,Mahendragarh city
Carpet Area Required: Approximately 3000 square ft
Floor Preference: Ground Floor
Parking Space: Adequate parking for staff and customers is desirable
Frontage: Good visibility and accessibility from main road

Terms & Conditions:
- The premises should be located in a commercially approved area with all necessary permissions.
- The property should be free from encumbrances and litigation.
- The offer should include clear title documents, layout plan, and ownership proof.

Interested parties may submit their offers in sealed cover addressed to :
The General Manager
The Mahendragarh Central Cooperative Bank
Railway Road,Mahendragarh(Haryana)

Last Date for Submission: 10 October 2025 upto 5 pm

The Bank reserves the right to accept or reject any or all offers without assigning any reason.
GENERAL MANAGER

THE SONIPAT COOP. SUGAR MILLS LTD., SONIPAT

"E-Tender Notice"

Original Manufacture/Authorized dealer/Reputed & experienced suppliers are requested to submit their rates through e-tendering for the following items. The detailed tender form can be downloaded from e-tendering Portal as mentioned below of related items.

Sr. No.	Description of Items	e-Tender ID No.
1.	Regarding Upgrading/Purchase the Electroflux Magnet at Mill House.	2025_HBC_473730_1
2.	Rate contract of boiler chemicals for maintaining P.H. and TDS	2025_HBC_473732_1
3.	Regarding Supply and Commissioning of automatic power factor panel.	2025_HBC_473787_1
4.	Purchase of New Electric Motors	2025_HBC_473736_1
5.	Purchase of ACC Sheet	2025_HBC_473741_1
6.	Labour contract for repair and maintance of mill gate weighbridge and out cane purchase centre.	2025_HBC_473745_1
7.	Transportation of Sugarcane from OCPC	2025_HBC_473750_1
8.	Labour contract for loading for sugarcane into trucks at out cane purchase centre.	2025_HBC_473754_1
9.	Purchase of Heavy Chemical	2025_HBC_473762_1
10.	Purchase of Process chemical	2025 HBC_473769_1
11.	Purchase of Lab Chemical	2025_HBC_473775_1
12.	Purchase of Mill House Spares	2025_HBC_473779_1
13.	Sugar Bag Handling	2025 HBC 473806_1
14.	Iron & Steel	2025_HBC_473815_1
15.	Purchase of gear box (Walchand Nagar)	2025_HBC_473819_1
16.	Transportation of sugar under TPDS scheme	2025_HBC_474011_1
17.	Purchase of Polythene Sheet	2025_HBC_473826_1
18.	Civil Work (Lying of Interlocking Tilespaver Blocks) At out Cane Purchase Center(BEGA).	2025_HBC_473829_1
19.	Civil work for Resitement of retail outlet of IOCL petrol Pump at The Sonipat Sugar Mill. (as per IOCL specification, drawing & design of boundary wall, filling, drainage works). Total area of construction (35mX35m).	2025 HBC 474155 1

All the tenders will be available on e-tendering Portal https://etenders.hry.nic.in. The bid should be submitted separately in two parts technical as well as commercial. The technical tender will be opened on 30.09.2025 at 09.30 A.M. and the time for opening the financial bid has been fixed on 01.10.2025 at 10:00 A.M. and the negotiation will be held on 03.10.2025 at 12:30 PM onwards, if needed. All the concerned parties must be registered on e-tendering portal. The Mill Management reserves the right to accept/reject any/all tenders/ items without assigning any reason thereof.

Sd/-Managing Director,
The Sonipat Coop. Sugar Mills Ltd..
Sonipat

रोहतक, शुक्रवार, 26 सितंबर 2025

सुविचार

किरण चाहे सूर्य की हो या फिर आशा की, जीवन के सभी अंधकार मिटा देती है !

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

7 वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज में खेलेंगे बुमराह नायर को आराम, पडिक्कल की वापसी

खबर संक्षेप

दुर्गा अष्टमी के दिन सुबह 10 बजे खुलेंगे स्कूल

भिवानी। हरियाणा में दुर्गा अष्टमी के दिन स्कूलों के टाइम में बदलाव किया गया है। इसके लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया है। इसके तहत 30 सितंबर (मंगलवार) दुर्गा अष्टमी के दिन सभी राजकीय विद्यालयों का समय सुबह 10 बजे से दोपहर ढाई बजे तक रहेगा। *हरिभूमि न्यूज*

सीमा पर पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार

जम्मू (भाषा)। जम्मू कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास आर एस पुरा सेक्टर से एक पाकिस्तानी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस महीने सीमा सुरक्षा बल द्वारा इस क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया यह दूसरा पाकिस्तानी नागरिक है। *एजेंसी*

जोधपुर में देश का दूसरा बड़ा अक्षरधाम मंदिर

जोधपुर। दिल्ली के बाद देश के दूसरे बड़े अक्षरधाम मंदिर में मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। यह पहला ऐसा मंदिर है, जिसमें केवल जोधपुरी पत्थर ही उपयोग में लिया गया है। मंदिर में कहीं भी लोहे या स्टेनलेस स्टील का उपयोग नहीं किया गया है। *एजेंसी*

अब रेलवे स्टेशनों पर मिलेगी कुल्हड़ में चाय

नई दिल्ली। पाली में बने कुल्हड़ में देशभर के रेलवे स्टेशनों पर चाय परोसी जाएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पाली में बन रहे मिट्टी के सिकोरे की क्वालिटी काफी अच्छी है। पाली देश के लिए रोल मॉडल बने, इसलिए यहां की महिलाओं द्वारा बनाए गए मिट्टी के सिकोरे उपयोग में लेगा। *एजेंसी*

प्रधानमंत्री मोदी ने दिया बड़ा संकेत... मिल सकती है और खुशखबरी

आर्थिक मजबूती बढ़ने से टैक्स का बोझ और कम होगा : मोदी

पीएम ने कहा कि 12 लाख रुपये तक की आय को कर-मुक्त करके और नए जीएसटी सुधारों को लागू करके देश के नागरिक इस वर्ष 2.5 लाख करोड़ रुपये तक की बचत कर सकते हैं।

वर्तमान सरकार में सुधारों के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति

भाषा ▶▶| ग्रेटर नोएडा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार जारी रहेंगे तथा अर्थव्यवस्था के और मजबूत होने पर नागरिकों पर कर का बोझ और कम होगा। मोदी ने कहा कि देश में वर्तमान में सुधारों के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति है। साथ ही उसके पास लोकतांत्रिक और राजनीतिक स्थिरता भी है। उन्होंने यहां आयोजित उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का उद्घाटन करने के बाद कहा कि जीएसटी में संरचनात्मक सुधार देश की विकास गाथा को नई उड़ान देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने करों में उल्लेखनीय कमी की है, महंगाई पर लगाम लगायी है और लोगों की आय तथा बचत दोनों में बढ़ोत्तरी की है। उन्होंने कहा कि 12 लाख रुपये तक की आय को कर-मुक्त करके और नए जीएसटी सुधारों को लागू करके देश के नागरिक इस वर्ष 2.5 लाख करोड़ रुपये की बचत कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने साल 2017 में जीएसटी लागू करके अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में सुधार किये। यह अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था और इसके बाद इस साल सितंबर में और सुधार किए गए।

अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में सुधार किए

आज देश गर्व से जीएसटी बचत उत्सव मना रहा

उन्होंने कहा, ''आज देश गर्व से जीएसटी बचत उत्सव मना रहा है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि हम यहीं नहीं रुकेंगे। 2017 में हम जीएसटी लाए... और फिर 2025 में भी (सुधार लाए)। हम अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेंगे। जैसे-जैसे आर्थिक मजबूती बढ़ेगी, कर का बोझ कम होता जाएगा। नागरिकों के आशीर्वाद से जीएसटी में सुधार जारी रहेंगे।''

कांग्रेस के शासनकाल में मची थी 'टैक्स की लूट'

प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए झूठ फैलाने का भी आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में 'टैक्स की लूट' मची थी। उन्होंने कहा, ''नये जीएसटी रिफॉर्म से गरीब नव मध्यम वर्ग, मध्यम वर्ग सब की बचत हुई है लेकिन इसके बावजूद कुछ राजनीतिक दल देश के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।

'मेक इन इंडिया' पर जोर

मोदी ने कहा कि सरकार 'मेक इन इंडिया' और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने पर जोर दे रही है। उन्होंने चिप से लेकर जहाजों तक हर चीज का उत्पादन देश में ही करने के अपने 'विजन' के बारे में भी बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार व्यापार सुगमता को बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है।

- उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का किया उद्घाटन
- हमारे पास लोकतांत्रिक और राजनीतिक स्थिरता
- देश की विकास गाथा को नई उडान देंगे
- हम भटकाते नहीं, नई दिशाएं दिखाते हैं

हमने देश के लोगों की आमदनी बढ़ाई

2014 से पहले वह जब सरकार चला रहे थे उसकी नाकामियां छुपाने के लिए कांग्रेस और उसके साथी दल जनता से झूठ बोल रहे थे। सच्चाई यह है कि कांग्रेस सरकारों के समय टैक्स की लूट मची हुई थी और लूटे हुए धन में से भी लूट होती थी।'' मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा, ''देश के आम नागरिकों को कर की मार से निचोड़ जा रहा था। यह हमारी सरकार है जिसने कर को बड़े पैमाने पर कम किया है, महंगाई कम की है। हमने देश के लोगों की आमदनी बढ़ाई है और बचत भी बढ़ाई है।''

2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, ''वैश्विक व्यवधानों और अनिश्चितता के बावजूद भारत का विकास आकर्षक बना हुआ है। व्यवधान भारत को भटकाते नहीं हैं, बल्कि नई दिशाएं दिखाते हैं।'' मोदी ने कहा कि इन चुनौतियों के बीच भारत आने वाले दशकों के लिए एक मजबूत नींव रख रहा है। उन्होंने दोहराया कि देश का संकल्प और मार्गदर्शक मंत्र आत्मनिर्भर भारत है। *(संबंधित खबर पेज 5 पर)*

औद्योगिक भूखंडों के आवंटन का मामला

ईडी की याचिका कानूनी रूप से उचित नहीं : हुड्डा

22 आरोपितों में से 4 को ही पक्षकार बनाया

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में पीएमएलए स्पेशल कोर्ट के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खिलाफ मुकदमे की कार्यवाही पर रोक लगाने के आदेश को चुनौती देने के करीब एक साल बाद उनके वकील ने दावा किया कि याचिका विचारणीय नहीं है। जस्टिस त्रिभुवन दहिया की पीठ के समक्ष हुड्डा की ओर से एडवोकेट आरएस चीमा ने दलील दी कि ईडी की याचिका विचारणीय नहीं है। उन्होंने विस्तार से बताया कि 22 आरोपियों में से केवल 4 को ही याचिका में पक्षकार बनाया गया है। उन्होंने कहा, अगर याचिका स्वीकार कर ली जाती है, तो सभी आरोपी प्रभावित होंगे।

हाईकोर्ट में बताया, ये आदेश हुड्डा ने नहीं दिए

हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान पीठ को यह भी बताया गया कि यह आदेश हुड्डा द्वारा नहीं, बल्कि कुछ अन्य आरोपियों द्वारा दायर एक आवेदन पर पारित किया गया था। हुड्डा ने स्थगन के लिए उक्त आवेदन दायर नहीं किया था। ईडी ने उन्हें एक पक्षकार बनाया, जबकि अन्य सभी आरोपियों को पक्षकार नहीं बनाया। भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर-जनरल एसवी राजू और ईडी की ओर से विशेष वकील जोहेब हुसैन ने इस संबंध में निर्देश प्राप्त करने के लिए एक संक्षिप्त समय मांगा। मामले की अगली सुनवाई अब 28 अक्टूबर को होगी।

फाइल को अपने पास रखा

अन्य बातों के अलावा, ईडी ने अपनी याचिका में कहा है कि यह मामला औद्योगिक भूखंडों के आवंटन से संबंधित है। हुड्डा के तत्कालीन अध्यक्ष हुड्डा ने आवंटन मानदंडों को अंतिम रूप देने के लिए फाइल को लंबे समय तक अपने पास रखा।

पद का दुरुपयोग किया

आरोप है कि पूर्व सीएम ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए आवेदन आमंत्रित करने की 6 जनवरी, 2016 की अंतिम तिथि के बाद 24 जनवरी, 2016 को मानदंड बदल दिए। इसमें यह भी कहा गया कि भूखंडों का आवंटन प्रस्तावित मानदंडों के अनुसार नहीं किया गया था। समय सीमा बीत जाने के बाद इसमें बदलाव किया गया और गलत तरीके से अपात्र आवेदकों को भूखंड आवंटित कर दिए गए।

चुनाव आयोग ने किया बड़ा बदलाव

पहले गिनेंगे डाक मतपत्र इसके बाद ईवीएम के वोट

वोट चोरी के आरोपों के बीच चुनाव आयोग का फैसला कई सेंटर पर मशीन से काउंटिंग जल्दी पूरी हो जाती थी, जबकि बैलट में लगता था समय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने वोटों की गिनती के नियमों में बदलाव किया है। अब पोस्टल बैलट की गिनती में अगर देरी होती है तो ईवीएम काउंटिंग रोक दी जाएगी। साथ ही बैलट ज्यादा होने पर काउंटिंग टेबल भी बढ़ाई जाएंगी। दरअसल काउंटिंग के दिन बैलट की गिनती सुबह 8:00 बजे शुरू होती है, जबकि ईवीएम काउंटिंग 8:30 बजे की जाती है। अभी तक यह होता था कि कई सेंटर पर मशीन से काउंटिंग जल्दी पूरी हो जाती थी, जबकि बैलट में समय लगता था।

चुनाव आयोग ने जारी किया पत्र

अब चुनाव आयोग के नए नियम के अनुसार, बैलट की गिनती बाकी होने पर ईवीएम के सेकेंड लास्ट राउंड की काउंटिंग को रोक दिया जाएगा। तब तक बैलट की काउंटिंग को पूरा करना होगा। इलेक्शन कमीशन ने गुरुवार को प्रेस नोट जारी करके इसकी जानकारी दी। नए नियम की शुरुआत बिहार विधानसभा चुनाव से होगी।

चुनाव आयोग बोला- इससे पारदर्शिता आएगी

चुनाव आयोग ने कहा कि यह कदम काउंटिंग प्रोसेस में समानता और ज्यादा पारदर्शिता लाएगा। खासतौर से उन सेंटर्स पर जहां पोस्टल की गिनती की जाती है। इस बदलाव से यह तय होगा कि सभी वोटों की गिनती सही तरीके से और बिना किसी पक्षपात के पूरी हो सके।

विधवा-निसंतान महिला की संपत्ति पर किसका हक?

शादी के बाद 'गोत्र' अलग ऐसे में मायके का हक नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 15 (1) (बी) को चुनौती दी गई है। इस अधिनियम के तहत, अगर किसी विधवा और निसंतान हिंदू महिला की बिना वसीयत के मौत हो जाती है, तो उसकी संपत्ति उसके ससुरालवालों को मिल जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा हिंदू समाज में कन्यादान की परंपरा है, जिसके तहत जब एक महिला शादी करती है, तो उसका गोत्र भी बदल जाता है। ऐसे में विधवा और निसंतान हिंदू महिला की मौत के बाद उसकी संपत्ति उसके पति के परिवार को मिलेगी, न कि उसके अपने माता-पिता को।

संपत्ति उसके पति के परिवार को मिलेगी

दोनों देशों के बीच 28 को होगी खिताबी भिड़ंत

एशिया कप : पहली बार भारत पाकिस्तान के बीच फाइनल

दुबई (एजेंसी)। एशिया कप के इतिहास में पहली बार भारत-पाकिस्तान के बीच फाइनल खेला जाएगा। यह मुकाबला 28 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान के बीच खिताबी भिड़ंत से मुकाबला रोचक हो गया है। पाकिस्तानी टीम ने गुरुवार को बांग्लादेश पर 11 रन की जीत दर्ज करके फाइनल में जगह बनाई। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में 136 रन का टारगेट चेज कर रही बांग्लादेश की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 124 रन तक ही पहुंच सकी। शमीम हुसैन ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। टीम के शेष बैटर्स खास प्रदर्शन नहीं कर सके। शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफ ने 3-3 विकेट झटके। सैम अयूब को 2 विकेट मिले। *(खेल पेज भी देखें)*

पाक ने बांग्लादेश पर 11 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

भाजपा ने विधानसभा चुनावों को लेकर सौंपी जिम्मेदारी

प्रधान बिहार और भूपेंद्र यादव बंगाल के प्रभारी

नई दिल्ली (ब्यूरो)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को दो प्रमुख ओबीसी चेहरों और पार्टी के सबसे अनुभवी चुनाव प्रबंधक केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भूपेंद्र यादव को क्रमशः बिहार और बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए अपना प्रभारी नियुक्त किया। अगले वर्ष होने वाले चुनाव सहित तीन राज्यों के लिए कुछ महत्वपूर्ण नियुक्तियां करते हुए भाजपा ने अपने उपाध्यक्षों में से एक बैजयंत 'जय' पांडा को तमिलनाडु में विधानसभा चुनावों के लिए प्रभारी नियुक्त किया है, जहां वह अन्नाद्रमुक की कनिष्ठ सहयोगी है।

तीन राज्यों में होने हैं अगले वर्ष विस चुनाव

सीबीआई की टीम करीब 10 दिन पहले आदेश लेकर आई थी

सोनम वांगचुक के संस्थान पर सीबीआई का शिकंजा, एफसीआरए उल्लंघन की जांच शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सोनम वांगचुक द्वारा स्थापित हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव्स लद्दाख के खिलाफ विदेशी अंशदान अधिनियम के उल्लंघन की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार गृह मंत्रालय की शिकायत पर कार्रवाई हो रही है। वांगचुक ने पुष्टि की कि सीबीआई टीम 10 दिन पहले आई थी। लद्दाख में राज्य के दर्जे की मांग को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद यह जांच शुरू हुई है। अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई

गृह मंत्रालय की शिकायत पर कार्रवाई

सोनम वांगचुक ने बताया कि सीबीआई की एक टीम करीब 10 दिन पहले एक आदेश लेकर आई थी, जिसमें कहा गया था कि वे हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव्स लद्दाख (एचआईएएल) में कथित विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) के उल्लंघन के संबंध में गृह मंत्रालय की शिकायत पर कार्रवाई कर रहे हैं। इससे पहले लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन बुधवार को हिंसक हो गया था। इस हिंसा में चार लोगों की जान चली गई थी और 30 पुलिस व सीआरपीएफ जवानों समेत 70 लोग घायल हो गए थे।

केंद्र ने 62 हजार करोड़ की डील साइन की, रिटायर हो रहे मिग-21 की लेगा जगह

सीसीएस ने बड़ी खरीद को दी हरी झंडी

64 प्रतिशत से ज्यादा स्वदेशी सामग्री

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स को 97 तेजस फाइटर जेट का ऑर्डर

67 नए स्वदेशी उपकरण होंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को भारतीय वायुसेना के वास्ते 97 तेजस लड़ाकू विमान खरीदने के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 62,370 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) द्वारा इस बड़ी खरीद को हरी झंडी दिए जाने के लगभग एक महीने बाद अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। एयरोस्पेस क्षेत्र की इस सरकारी दिग्गज कंपनी के साथ किया गया यह दूसरा ऐसा अनुबंध है। फरवरी 2021 में, रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायुसेना के लिए 83 तेजस एमके-1ए जेट विमानों की खरीद के लिए एचएएल के साथ 48,000 करोड़ रुपये का सौदा किया था।

'स्वयं रक्षा कवच' से लैस

मंत्रालय ने बताया कि भारतीय वायुसेना के लिए 62,370 करोड़ रुपये (करों को छोड़कर) की लागत से 97 तेजस हल्के लड़ाकू विमान 'एमके-1ए' और संबंधित उपकरणों की खातिर एचएएल के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। 'स्वयं रक्षा कवच' से लैस इन उन्नत जेट में 64 प्रतिशत से ज्यादा स्वदेशी सामग्री और 67 नए स्वदेशी उपकरण होंगे। मंत्रालय ने बताया कि इन विमानों की आपूर्ति 2027-28 में शुरू होगी।

यह है नए भारत की ताकत, ट्रेन से भी दाग दी मिसाइल

नई दिल्ली (ब्यूरो)। भारत ने बुधवार देर रात रेल पर बने मोबाइल लॉन्चर सिस्टम के जरिए अग्नि-प्राइम मिसाइल की टेस्टिंग की। यह कैनिस्टराइज्ड लॉन्चिंग सिस्टम से लॉन्च की गई। इसके लिए ट्रेन को विशेष रूप से डिजाइन किया गया। यह ट्रेन देश के हर उस कोने तक जा सकती है, जहां रेल लाइन मौजूद है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इसकी जानकारी दी। टेस्ट ओडिशा के चांदीपुर इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से किया गया। इस टेस्ट ने भारत को उन चुनिंदा देशों के ग्रुप में शामिल कर दिया है जिनके पास रेल नेटवर्क से मिसाइल लॉन्च करने वाला कैनिस्टराइज्ड लॉन्चिंग सिस्टम है।

कार्रवाई: पहले दो बार मिल चुका नोटिस, बोर्ड अध्यक्ष खुद पहुंचे

कुलपति आवास खाली कराने को लेकर तीन घंटे हाईलेवल का ड्रामा

बोर्ड कैम्पस में सचिव के आवास में सीबीएलयू की कुलपति का ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की आवासीय कॉलोनी में रह रही सीबीएलयू की कुलपति के आवास को खाली करवाने के लिए अधिकारी व पुलिस दल पहुंचा। करीब तीन घंटे तक अधिकारी व पुलिस वहीं पर डटी रही,लेकिन बाद में एक बंद कमरे में अधिकारियों की मीटिंग हुई। उसके बाद पुलिस बल व अधिकारी बोर्ड परिसर से वापस लौट आए। पहले भी दो बार आवास खाली करने के लिए नोटिस जारी किया जा चुका है, लेकिन आवास खाली नहीं हुआ।

यहां यह बताते चले कि चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय (सीबीएलयू) की वीसी हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड परिसर के ए-1 आवास में रह रही हैं। उक्त आवास बोर्ड के सचिव के नाम पर बना है, जो भी बोर्ड सचिव आता है। उसको यह आवास उन्हीं को अलॉट किया जाता है।



बोर्ड दूसरे आवास में शिफ्ट कराना चाहता

अब स्थाई तौर पर नए सचिव बोर्ड में नियुक्त किए गए है। इससे पूर्व अतिरिक्त उपायुक्त को बोर्ड के सचिव का अतिरिक्त कार्यभार था। उनको बोर्ड में आवास की जरूरत नहीं पड़ी। अब नए सचिव आए है तो उनको आवास की जरूरत हुई, जिसके चलते आवास खाली कराने की रिहर्सल शुरू हुई, लेकिन आवास अभी तक खाली नहीं हुआ। चौधरी बंसीलाल विवि की वीसी दीप्ति धर्माणी को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड परिसर में आवास अलॉट किया गया था। विगत में वीसी सचिव आवास कोठी नंबर ए-1 में शिफ्ट हुई थी। अब बोर्ड उन्हें परिसर में ही बने दूसरे आवास में शिफ्ट कराना चाहता है।

बोर्ड चेयरमैन बोले कोई मसला नहीं

सहायक सचिव बहादुर सिंह ने इस तरह के मामला होने से साफ इंकार कर दिया। दूसरी तरफ इस बारे में शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. पवन कुमार ने बताया कि आवास संबंधित कोई मसला नहीं है। एक आवास वीसी को अलॉट किया हुआ है।

अप्रैल 2024 में वीसी को अलाट हुआ

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की वीसी दीप्ति धर्माणी को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा भिवानी में बोर्ड के परिसर में आवाज अलाट किया गया था। 15 अप्रैल 2024 को वीसी सचिव आवास कोठी नंबर ए-1 में शिफ्ट हुई थी।

धान की सरकारी खरीद शुरू करवाने को लेकर जीटी रोड पर जाम

जीटी रोड पर जाम लगाकर धरने पर बैठे भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी व अन्य किसान।

शाहबाद। सरकार द्वारा 22 सितंबर से धान की सरकारी खरीद शुरु करने का पत्र जारी करने के बावजूद अभी तक भी कई मंडियों में धान की सरकारी खरीद शुरु नही हो पाई है, जिसे लेकर किसानों में रोष है। शाहबाद अनाज मंडी में धान खरीद शुरु करवाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी की अध्यक्षता में सैंकड़ों किसानों ने दो घंटे तक जीटी रोड पर शाहबाद में जाम लगाया। खरीद व उठान शुरु होने पर ही किसानों ने जाम खोला। वीरवार सुबह भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी की अध्यक्षता में किसानों ने मार्किट कमेटी कार्यालय समक्ष सुबह 11 बजे से धरना दिया। गुरनाम सिंह चढूनी ने धरने पर बैठे किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि एक तरफ तो सरकार समय सीमा से पहले सरकारी खरीद का ऐलान कर रही है।

शाहबाद में खरीद और उठान शुरू होने पर हटे

गुजवि : विद्यार्थियों के सेमीकंडक्टर आईसी सर्किट को पेटेंट ऑफिस जर्नल में स्थान

हिसार। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई को पेटेंट प्रकाशन सौंपते डा. सरदूल सिंह धायल एवं विद्यार्थी।

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के इतिहास में आज एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। विवि के इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग (ईईई) के बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (ईसीई) के अंतिम वर्ष के दो विद्यार्थियों साहिल कुमार और विनीत शर्मा ने विभाग के प्राध्यापक डॉ. सरदूल सिंह धायल और सुमन दहिया के निर्देशन में अभिनव माइक्रोकंट्रोलर आधारित एम्बेडेड सिस्टम का सर्किट तैयार किया। इसे हाल में पेटेंट ऑफिस जर्नल (अंक 38/2025) में प्रकाशित किया गया है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बधाई दी।

यह है खास: विभाग के प्राध्यापक डॉ. सरदूल सिंह धायल ने बताया कि पेटेंट का शीर्षक 'सेमिकंडक्टर इंटेग्रेटिड सर्किट लेआउट डिजाइन एम्बोडीड इन ए माइक्रोकंट्रोलर-बेस्ड एम्बेडिड सिस्टम फॉर होम ऑटोमेशन' है। इस पेटेंट की विशेषता यह है कि यह न केवल उपयोगकर्ताओं को पूरे विश्व में कहीं से भी अपने उपकरण नियंत्रित करने की सुविधा देता है, बल्कि इसमें शामिल लोड बैलेंसिंग तकनीक बिजली के बिल को घटाने और तारों में होने वाले हीटिंग लॉस को लगभग शून्य करने में मदद करती है।

उत्तर रेलवे

TENDER NOTICE

Sr. Divisional Materials Manager, Northern Railways, Ambala Cantt-133001 for and behalf of the President of India, invites Tender through E-Procurement System (www.ireps.gov.in) for the supply of the below item.

S. N.	E-Tender No.	Description	Qty.	Tender Closing date & Time	EMD (IRs.)
1	98255251B	हाई डेफिनिशन लेप्रोस्कोपिक सर्जरी सेट (वारंटी अवधिः डिलीवरी की तारीख से 30 महीने बाद) (निरीक्षण एजेंसीः टीपीआई, स्टेज निरीक्षणः चरणों की संख्याः 0) (यूवीएएम लिंकिंगः (वस्तु प्रकारः सामान (आपूर्ति)	01 Nos	20.10.2025 एवं 11:00 hrs	110800

Note: -1) Vendors may visit the IREPS website i.e. www.ireps.gov.in for details. 2) No manual offer will be entertained. E-Tender Notice No. 98255251B Dated: 25.09.2025 2972/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रवेश** पुत्र स्वर्गीय सतबीर कौशिक निवासी गांव व डाकखाना – दत्तौर, थाना सांपला, जिला रोहतक, हरियाणा ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 195/19 धारा 33/38/52 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना नांगलोई, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **प्रवेश** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **प्रवेश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 195/19 धारा 33/38/52 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना नांगलोई, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **प्रवेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **29.11.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री विजयश्री राठौर,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–10 (पश्चिम)
कमरा नं. 345,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/12836/OD/2025

हाईकोर्ट ने की पूर्व पार्षद की जमानत याचिका रद्द

कैथल। कैथल उपायुक्त के नाम पर 4 लाख रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों विजिलैंस टीम द्वारा पकड़े गए पूर्व पार्षद कमल देव मित्तल की आज हाईकोर्ट से भी जमानत रद्द हो गई। कैथल विजिलैंस टीम ने आरोपी को 19 अप्रैल 2025 को नगर परिषद कैथल के सामने से पकड़ा गया था। पूर्व पार्षद पर आरोप थे कि वह पहले भी उससे 5 लाख 20 हजार रुपए ले चुका था। इसके बाद जब विजिलैंस टीम आरोपी पूर्व पार्षद के घर पर 5 लाख 20 हजार रुपए बरामद करने के लिए पहुंची तो तलाश के दौरान टीम को 5.20 लाख रुपए के अलावा भी 38 लाख रुपए बरामद हुए थे। पहले पूर्व पार्षद की कैथल अदालत से जमानत याचिका रद्द हो गई थी। इसके बाद हाईकोर्ट में जमानत याचिका लगाई गई थी और याचिका पर आज हाईकोर्ट में सुनवाई थी। लेकिन हाईकोर्ट में याचिका रद्द कर दी गई है।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

रोहतक में चौ. देवीलाल की 112वीं जयंती पर उमड़ा जनसैलाब

संघर्ष, सेवा एवं सद्भाव की अनूठी मिसाल थे चौ. देवीलाल : अभय सिंह चौटाला

- अभय बोले, 2029 में भाजपा को सत्ता से करेंगे बाहर और कांग्रेस की काटेंगे रांद
- अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में ही हरियाणा में आएगा बदलाव : प्रो. संपत सिंह
- हरियाणा के हित के लिए क्षेत्रीय दल की सरकार जरूरी : सुखबीर सिंह बादल

रोहतक। चौ. देवीलाल की 112वीं जयंती पर आयोजित रैली को संबोधित करते चौ. अभय सिंह चौटाला और पार्टी के नेता। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला ने रोहतक रैली में पूर्व उपप्रधानमंत्री चौ. देवीलाल को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भाजपा एवं कांग्रेस पर सवालों की झड़ी लगा दी। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि चौ. देवीलाल एक संघर्षशील नेता थे। आजादी के समर में संघर्ष जारी रखा। 1975 में इमरजेंसी में जेल गए। संघर्ष जारी रखा और फिर 1977 में कांग्रेस को सत्ता से बाहर किया। भाजपा व कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए अभय सिंह चौटाला ने कहा कि 2029 में भाजपा को सत्ता से बाहर करेंगे और कांग्रेस की रांद काटके किसान-कमेरे की सरकार लाएंगे। अभय चौटाला की अध्यक्षता में रोहतक की अनाजमंडी में आयोजित सम्मान दिवस रैली में उमड़ी भीड़ का जोश एवं उत्साह देखने लायक था। रोहतक की रैली में मनजीत कन्हेली ने चौ. अभय सिंह चौटाला को मुकूट एवं माला पहनाकर अभिनंदन किया। इस दौरान प्रदीप गिल अपने सैकड़ों साथियों के साथ इनेलो में शामिल हुए। मेवात और बृज खाप से पहुंचे उत्साहित समर्थकों ने अभय सिंह चौटाला को 331 मीटर लंबी पगड़ी पहनाई। रैली में मंच संचालन जिला परिषद सिरसा के चेयरमैन कर्ण चौटाला एवं पार्टी के कानूनी प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष जसबीर ढिल्लो ने संयुक्त रूप से किया।

ये दिग्गज पहुंचे

चौ. देवीलाल की 112वीं जयंती पर आयोजित रैली में चौ. अभय सिंह चौटाला, कांग्रेस नेता प्रो. संपत सिंह, जम्मू कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरेंद्र चौधरी, पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल, तेलंगाना से पूर्व लेस सदस्य के. कविता, भादरा के पूर्व विधायक बलवान पूनिया, रेवाड़ी के पूर्व विधायक रघु यादव, कांता चौटाला, सुनैना चौटाला, विधायक आदित्य देवीलाल, अर्जुन चौटाला एवं लंदन से राहुल अहलावत भी पहुंचे और पूर्व उपप्रधानमंत्री चौ.देवीलाल को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। रैली में इनैलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव प्रकाश भारती, शेर सिंह बड़शामी, पूर्व पुलिस महानिदेशक एमए. मलिक, राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद सिंह लोहान, रोहतक इकाई के जिलाध्यक्ष डा. नफे सिंह लाहली, पार्टी की महिला विंग की प्रदेशाध्यक्ष तनुजा, धर्मपाल मकड़ौली, सुचित्रा सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

आरटीओ कार्यालय में दी बस कंडक्टर के खिलाफ शिकायत

निजी बस परिचालक ने बुजुर्ग से वसूले पूरी टिकट के पैसे, हंगामा

कैथल। कैथल के नया बस स्टैंड के पास गुरुवार दोपहर के समय एक बुजुर्ग और एक निजी बस के कंडक्टर के टिकट को लेकर विवाद हो गया। मामले में कैथल-चीका रूट पर निजी बस कंडक्टर पर बुजुर्ग ने आधी की बजाय पूरी टिकट लेने का आरोप लगाया है। अब बुजुर्ग ने आरटीओ कार्यालय में बस कंडक्टर के खिलाफ शिकायत भी दी है। चीका के वार्ड नंबर 14 निवासी एफएम खान ने कहा कि गुरुवार को वह चीका से कैथल के लिए चीका से एक निजी बस में सवार हुआ। इसके बाद मैंने बस के कंडक्टर को आधी टिकट देने के लिए 20 रुपये दे दिए, लेकिन कंडक्टर ने कहा कि इस बस में आधी टिकट नहीं लगेगी। सने पूरी टिकट की 30 रुपये की राशि ले ली। कंडक्टर को यह भी बताया कि उसकी आयु 65 साल है और आधार कार्ड भी दिखाया। इसके बावजूद नहीं माना। कंडक्टर ने उसके साथ दुर्व्यवहार भी किया।

नवरात्र पर विशेष

चतुर्थकम् -कूष्माण्डा

दुर्गा मां के चौथे स्वरूप को कूष्मांडा के नाम से जाना जाता है। नवरात्र के तीसरे दिन इनका पूजन किया जाता है। अपनी मंद-मंद हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण भी इन्हें कूष्मांडा देवी कहा जाता है। इनका निवास सूर्यमंडल के भीतर के लोक में है। सूर्यलोक में निवास कर सकने की क्षमता और शांति केवल इन्हीं में है। इनके तेज की तुलना सूर्य से की जा सकती है। इन्हीं के तेज प्रकाश से दसों दिशाएं प्रकाशित हो रही हैं। माँ कूष्मांडा अपने भक्तों की सदैव रक्षा करने वाली है और उन्हें मनवांछित फल प्रदान करती है। कूष्मांडा देवी के उदर में तीन तरह के टापों वाला संसार बसा है। वहीं इनके चौथे रूप की कूष्मांडा देवी के नाम से जाना जाता है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमंडल, धनुष, बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चंद्र तथा गदा है। बांए हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जयमाला धारण किए हैं। इनका वाहन सिंह है। संस्कृत भाषा में कूष्मांडा कुम्हड़े को कहा जाता है। कुम्हड़े की बलि इन्हें बहुत प्रिय है। इस कारण से भी यह देवी कूष्मांडा कही जाती है। माँ कूष्मांडा देवी की उपासना नवरात्र के चौथे दिन की जाती है। भक्तगण मन से इस श्लोक को पढ़कर मां की पूजा करते हैं–

'सुरासम्पूर्णकलशं रूधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्मांडा शुभदास्तु में॥'

चौथे दिन मां की पूजा करते समय भक्त का मन अनाहत मन में अवस्थित रहता है। भक्तों को शुद्ध एवं पवित्र भावना से मां की पूजा करनी चाहिए। भक्तों को मां की आराधना से आसानी से दुःखों से छुटकारा मिल जाता है। मनुष्य को बीमारियों से हमेशा के लिए छुटकारा मिल जाता है और उसे सभी प्रकार के सुख प्राप्त हो जाते हैं। मां की प्रेमपूर्वक भक्ति करने से भक्त की आयु, यश, बल और आरोग्यता की वृद्धि होती है।

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Sh. Vavek Tomar
Additional Civil Judge (Senior Division),
NISHA WD/O ROHTASH
Vs.
GENERAL PUBLIC
CIS-GW/15/2025
CNR No. HRJRA0-000665-2025
Next Date : 18.10.2025
Plaintiff-Nisha Wd/o Rohtash S/o Surat Singh R/o Village Goela kalan Badli
PUBLICATION ISSUED TO :-
General Public
:-
General Public
In above ttled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on 18.10.2025 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division),
Dated, this day of 22.09.2025

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Ms. Aashima Garg
Civil Judge (Junior Division),
M/S PARQUETFLOOR
Vs.
M/S PARADISE DECORATORS
Case No. RUIT/57/2019
CNR No. HRJRA0-000266-2019
Next Date : 23.10.2025
PUBLICATION ISSUED TO :-
1. M/S PARADIES DECORATORS PVT. LTD. SCO 151-152, FIRST FLOOR, ABOVE SINDHI SWEETS, SEC 8C, CHANDIGARH, UT THROUGH ITS DIRECTOR
2. MR. UMESH GHAI
3. MS. NISHA GHAI
:-
DIRECTORS OF M/S PARADISE DECORATORS PVT. LTD. SCO 151-152, FIRST FLOOR, ABOVE SINDHI SWEETS, SEC 8C, CHANDIGARH, UT
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on 23.10.2025 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Civil Judge (Junior Division),
Dated, this day of 23.09.2025

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्किल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

7463

मनकि अभेराम पुत्र रामेहर पुत्र मामराज, निवासी एवं बिस्वेदार गाँव फतेहपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023–24, के अनुसार खेवट न0 131/112मिन, खाता न0 133, मु0 न0 53, किला न0 3/2/1/1 (2–0), किता 1, तादादी रकबा 2 कनाल 0 मरला (0.25 एकड़) सालम भाग वाका रकबा मौजा फतेहपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 2 कनाल 0 मरला (0.25 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्किल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 25.09.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय
(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की एक स्वायत्त संस्था)
नई दिल्ली

प्रविष्टियों के लिए आमंत्रण
25 वां भारत रंग महोत्सव, 2026
(भारत का अंतर्राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव)

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय 25 वें भारत रंग महोत्सव 2026- भारत का अंतर्राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव (विश्व का सबसे बड़ा नाट्य महोत्सव) में भागीदारी के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है जो जनवरी एवं फरवरी, 2026 में नई दिल्ली और देश के अन्य शहरों तथा विदेश में आयोजित किया जाएगा।

भारत और विदेश दोनों के इच्छुक नाट्य समूहों, नाट्य संस्थानों, ड्रामा कंपनियों तथा नाट्य निर्देशकों से केवल ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

विस्तृत जानकारी और आवेदन पत्र के लिए दिनांक 26 सितम्बर 2025 से राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की वेबसाइट www.nsd.gov.in. पर जाएँ।

आवेदन भरने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर, 2025.

* आवेदन शुल्क –
- भारत एवं सार्क देशों के लिए: ₹250/-
- अन्य देशों के लिए: ₹500/-

पूछताछ : फोन : 011-23073647, 011-23031116
वेबसाइट : www.nsd.gov.in

CBC 09130/12/0010/2526

राशिफल

मेष – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृष – व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

मिथुन – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

कर्क – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

सिंह – आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

कन्या – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

तुला – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

वृश्चिक – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

धनु – आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

मकर – माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

कुंभ – अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

मीन – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

बोगस छात्र एडमिशन मामले में कार्रवाई

सीबीआई रतिया के दो स्कूलों में पहुंची और खंगाला रिकार्ड

रतिया। वीरवार को सीबीआई की एक टीम वर्ष 2014 में हरियाणा में हुए बोगस छात्र एडमिशन घोटाले के मामले में दो स्कूलों में पहुंची और रिकॉर्ड की जांच की। हालांकि जांच के बारे में सीबीआई के अधिकारियों ने पत्रकारों को किसी भी प्रकार की जानकारी देने के इंकार कर दिया। जानकारी के अनुसार हरियाणा में वर्ष 2014 में हरियाणा के सरकारी स्कूलों में लगभग 4 लाख फर्जी छात्रों के एडमिशन का मामला सामने आया था इसके बाद हरियाणा सरकार ने इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी थी। जानकारी के अनुसार आज सीबीआई के इंस्पेक्टर सुखविंदर सिंह के नेतृत्व में एक टीम रतिया के राजकीय संस्कृति मॉडल स्कूल व राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पहुंची और स्कूल में वर्ष 2014 में बोगस छात्र एडमिशन से जुड़े हुए रिकॉर्ड को तलब किया।

मिड डे मील में गड़बड़ी

सूत्रों के अनुसार टीम ने उस समय के भर्ती हुए छात्रों और उनके अभिभावकों के बयान भी दर्ज किए। राजकीय संस्कृत मॉडल स्कूल में उस दौरान 93 छात्रों के नाम काटे गए थे जबकि राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लगभग 87 छात्रों के नाम काटे गए थे। बताया गया है कि उस समय मिड डे मील में गड़बड़ करने और गेस्ट टीचर को फायदा पहुंचाने के लिए यह फर्जी दाखिले किए गए थे जिनकी सीबीआई द्वारा जांच की जा रही है।

शब्द पहेली - 6000



बाएँ से दाएँ
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

ऊपर से नीचे
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

शब्द पहेली- 5999 का हल

	म	हा	भा	र	त		प	र	वा	ना
त	न		स्क		मा	हि	र		र	ग
न		त	र	क	श		ख	र		वा
ब	न्ध	क			बी	वी		न	ज	र
द		दी		दा	न		फां		ल	
न	ज	र	बं	द		न	सी	ब	वा	ला
	रु		दी		म	न		च		प
श	री	र		जं	हा			प	गा	र
रा		न	म		सा	ग	वा	न		वा
फ	ल		स	ज	ग		च		आ	ह
त	क्ष	शि	ला		र	द	क	र	ना	



वांगचुक ने सरकार पर लगाया बड़ा आरोप

मुझे 'बलि का बकरा' बना रहे, अगर जेल भेजा तो हालात होंगे और गंभीर

एजेंसी ▶▶ लेह

लद्दाख में भड़की हिंसा पर जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने सरकार पर करारा प्रहार किया है। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि अगर उन्हें गिरफ्तार किया गया तो सरकार की दिक्कतें उनकी आजादी से कहीं ज्यादा बढ़ जाएंगी। वांगचुक ने गुरुवार को गृहमंत्रालय के उस बयान को खारिज किया जिसमें बुधवार की हिंसा के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया गया था। उन्होंने कहा कि सरकार बलि का बकरा तलाश रही है जबकि असली समस्या को नजरअंदाज कर रही है।

जलवायु कार्यकर्ता की धमकी

वांगचुक ने गुरुवार को गृहमंत्रालय के उस बयान को खारिज किया जिसमें बुधवार की हिंसा के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया गया था। उन्होंने कहा कि सरकार बलि का बकरा तलाश रही और असली समस्या को नहीं देख रही

सरकार को दी चेतावनी- मैं जेल जाने को तैयार, लेकिन सरकार की परेशानी बढ़ेगी

मुझे 2 साल के लिए जेल भेजा जा रहा

मैं देख रहा हूं कि पीएसए (जनसुरक्षा कानून) के तहत मुझे दो साल के लिए जेल भेजने की तैयारी हो रही है। मैं इसके लिए तैयार हूं। लेकिन याद रखिए, जेल में सोनम वांगचुक सरकार के लिए बाहर के वांगचुक से कहीं ज्यादा परेशानी का सबब बनेगा।

युवाओं में बेचैनी की असली वजह

वांगचुक ने कहा कि हिंसा की जड़ युवाओं की नाराजगी और लंबे समय से अनदेखी की जा रही मांगों में है। उन्होंने कहा कि छह साल से बेरोजगारी और अधूरे वादों ने युवाओं का धैर्य खत्म कर दिया है। सरकार आंशिक आरक्षण का दिखावा कर रही है, जबकि असली मांग राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची का विस्तार अब भी अधूरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार असली मुद्दों से ध्यान हटाकर दोषारोपण की राजनीति कर रही है। यह कदम शांति की राह नहीं खोलता, बल्कि हालात को और भड़काता है।

लद्दाख में अब तक की सबसे बड़ी हिंसा

बुधवार को राज्य के दर्जे की मांग को लेकर लेह में आंदोलन हिंसक हो उठा। पत्थरबाजी, आगजनी और तोड़फोड़ के बीच चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 80 से अधिक लोग घायल हुए, जिनमें 40 पुलिसकर्मी शामिल हैं।

लेह जिले में कर्फ्यू लागू

गुस्साई भीड़ ने भाजपा कार्यालय और हिल काउंसिल को निशाना बनाया और कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया। हालात काबू से बाहर होते देख पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने आंसू गैस के गोले दागे। प्रशासन ने एहतियातन पूरे लेह जिले में कर्फ्यू लागू कर दिया है।

गृहमंत्रालय और उपराज्यपाल बोले

कोई भी पुराना या भड़काऊ वीडियो न फैलाएं

गृहमंत्रालय ने कहा कि हिंसा भड़काने के पीछे राजनीतिक रूप से प्रेरित व्यक्तियों और वांगचुक जैसे नेताओं के भड़काऊ बयान जिम्मेदार हैं।

मंत्रालय ने चेतावनी दी कि कोई भी पुराना या भड़काऊ वीडियो सोशल मीडिया पर न फैलाए। मंत्रालय के अनुसार, लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस से लगातार संवाद जारी है। उच्च स्तरीय समिति की अगली बैठक 6 अक्टूबर को होगी, जबकि 25 और 26 सितंबर को भी बैठकें निर्धारित हैं। उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार सबको है, लेकिन लेह की हिंसा सुनियोजित साजिश का नतीजा थी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने माहौल बिगाड़ा है, उन्हें किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

खबर संक्षेप

व्यापार वार्ता के बाद भारतीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका से लौटा

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिनिधिमंडल न्यूयॉर्क में अपने अमेरिकी अधिकारियों के साथ व्यापार वार्ता करने के बाद अमेरिका से लौट आया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल दोनों देशों के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए सोमवार को न्यूयॉर्क पहुंचा था।

चैतन्यानंद ने छात्राओं को क्वार्टर में बुलाया

नई दिल्ली। स्वयंभू बाबा स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती के खिलाफ दायर प्राथमिकी में आरोप है कि दिल्ली स्थित श्री शारदा भारतीय प्रबंधन संस्थान की छात्राओं को देर रात स्वयंभू बाबा के क्वार्टर में जाने के लिए मजबूर किया गया। एक को नाम बदलने को भी कहा गया। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया था कि 30 से अधिक छात्राओं के साथ डिजिटल माध्यम से हुई बातचीत के दौरान उनमें से कई ने चैतन्यानंद द्वारा यौन उत्पीड़न और धमकी के मामलों का खुलासा किया।

जुबीन गर्ग मौत केस म्यूजीशियन शेखर ज्योति गिरफ्तार

नई दिल्ली। असम के मशहूर गायक जुबिन गर्ग की असामयिक मौत की जांच कर रही स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने संगीतकार शेखर ज्योति गोस्वामी को गिरफ्तार किया है। गोस्वामी उस विवादित यॉट ट्रिप पर मौजूद थे, जिसे मामले से जोड़ा जा रहा है। उन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है, लेकिन अभी तक उनके खिलाफ आरोपों का खुलासा नहीं किया गया है और न ही स्पष्ट है कि उनके खिलाफ क्या चार्जेस हैं।

फिरोजाबाद के स्कूल के मैदान में रामलीला होगी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में एक स्कूल के मैदान में चल रही रामलीला को रोकने के लिए कहा गया था।

शीर्ष कोर्ट ने कहा कि त्योहार की तैयारियां पहले से शुरू हो चुकी हैं, इसलिएकार्यक्रम जारी रहेगा।

उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में बोले प्रधानमंत्री मोदी

तेज विकास के लिए आर्थिक सुधार के साथ आत्मनिर्भरता जरूरी, यूपी में निवेश अहम

भारत को शोध, विनिर्माण और व्यापार में आत्मनिर्भर बनना होगा
निजी निवेश के साथ व्यापक ईकोसिस्टम तैयार करना जरूरी

एजेंसी ▶▶ नोएडा

पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ग्रेटर नोएडा में आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने भारत की तेज विकास यात्रा, आर्थिक सुधारों और आत्मनिर्भरता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत को शोध, विनिर्माण और व्यापार में आत्मनिर्भर बनना होगा और निजी निवेश के साथ-साथ एक व्यापक ईकोसिस्टम तैयार करना जरूरी है। पीएम मोदी ने कहा कि शोध के क्षेत्र में निवेश को कई गुना बढ़ाने की आवश्यकता है। निजी निवेश अब अनिवार्य हो चुका है और हमें स्वदेशी रिसर्च, डिजाइन और डेवलपमेंट का संपूर्ण ईकोसिस्टम बनाना होगा। उन्होंने उत्तर प्रदेश की निवेश संभावनाओं पर जोर देते हुए कहा कि राज्य में कनेक्टिविटी क्रांति से लॉजिस्टिक्स लागत घटी है। यूपी देश में सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे वाला राज्य है, सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे यहां हैं और यह दो बड़े फ्रेट कॉरिडोर का केंद्र है।

उत्तर प्रदेश विकास में सबसे आगे

अब हर रक्षा उपकरण पर 'मेड इन इंडिया'

पीएम मोदी ने कहा कि भारत में अब हर रक्षा उपकरण पर 'मेड इन इंडिया' की पहचान है और उत्तर प्रदेश इसमें अहम भूमिका निभा रहा है। रूस के सहयोग से जल्द ही यूपी में एके-203 राइफल का उत्पादन शुरू होगा।

अल्टीमेट सोर्सिंग बीइंग हियर थीम पर हो रहा आयोजन

यह ट्रेड शो 25 से 29 सितंबर तक चलेगा। अल्टिमेट सोर्सिंग बीइंग हियर थीम पर आधारित इस आयोजन में 2,200 से अधिक प्रदर्शक हिस्सा ले रहे हैं और यहां 1,25,000 से ज्यादा बी2बी और 4,50,000 से अधिक बी2सी विजिटर आने की उम्मीद है। रूस इस बार का पार्टनर देश है। आयोजन में हस्तशिल्प, वस्त्र, चमड़ा, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, आयुष और अन्य क्षेत्रों के उत्पादों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की कला, संस्कृति और व्यंजन भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

खाद्य प्रसंस्करण में वैश्विक निवेश के लिए दरवाजे खुले

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को वैश्विक कंपनियों को भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि देश की फसल विविधता, मांग और पैमाने की 'त्रि-शक्ति' इसे आकर्षक गंतव्य बनाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 'वर्ल्ड फूड इंडिया शिखर सम्मेलन' का उद्घाटन करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में सरकार ने उत्पादन-आधारित योजनाएं और मेगा फूड पार्क जैसी पहलों के जरिये खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा दिया है जिससे क्षेत्र की क्षमता 20 गुना बढ़ी और निर्यात दोगुना हुआ है।

राजस्थान के बांसवाड़ा में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

3 ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई, कांग्रेस के दिए जख्म भर रही भाजपा सरकार

बांसवाड़ा। वे राजस्थान के बांसवाड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने 1,22,100 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। वंदे भारत समेत 3 ट्रेनों को हरी झंडी दी।

देश में विकसित होने के लिए तेज गति से काम हो रहा

पीएम ने कहा कि आज भारत विकसित होने के लिए तेज गति से काम कर रहा है। इसमें राजस्थान की भी बड़ी भूमिका है। पानी, बिजली, शहद से जुड़ी परियोजनाओं से लाभ मिल रहा है।

2.5 करोड़ घरों को मुफ्त बिजली कनेक्शन दिया

पीएम मोदी ने कहा कि जब 2014 में जब आपने मुझे सेवा का मौका दिया तब देश के 2.5 करोड़ घर ऐसे थे जहां बिजली का कनेक्शन नहीं था। देश के 18 हजार गांव में बिजली का खंभा भी नहीं लगा था।

90 हज़ार करोड़ के प्रोजेक्ट शुरू किए

पीएम ने कहा 90 हज़ार करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट एक साथ शुरू होना दिखाता है कि देश बिजली की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है।

18 कोच वाली विशेष ट्रेन से मथुरा पहुंचीं राष्ट्रपति

मथुरा। गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मथुरा पहुंचीं। वह अपने परिवार के साथ ठाकुर बांके बिहारी जी के दर्शन किए। इसके बाद निधिवन पहुंचीं और यहां उन्होंने परिक्रमा लगाई। इस दौरान मथुरा-वृंदावन में सुरक्षा व्यवस्था सख्त रही। राष्ट्रपति मुर्मू 18 कोच वाली विशेष ट्रेन से वृंदावन पहुंचीं।

संजय कपूर प्रॉपर्टी विवाद

बैंक अकाउंट से पैसा गायब करिश्मा के बच्चों का दावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संजय कपूर संपत्ति विवाद अभी दिल्ली हाई कोर्ट में लंबित है। करिश्मा कपूर के बच्चों- समायरा और कियान, साथ ही संजय की मां और बहन ने उनकी पत्नी प्रिया सचदेव कपूर के खिलाफ संजय की वसीयत को छुपाने और धोखाधड़ी करने का केस दर्ज कराया है। गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान, संजय की एक्स वाइफ करिश्मा के वकील ने दावा किया कि दिवंगत बिजनेसमैन ने वसीयत में जिन पैसों का जिक्र किया था वो बैंक अकाउंट से गायब हो गए हैं। उनका कहना है बैंक अकाउंट से सारा पैसा गायब कर दिया गया है, जिसका खुलासा संजय द्वारा छोड़ी गई उनकी कथित वसीयत में किया गया है। अब इसी संपत्ति को लेकर परिवार में विवाद चल रहा है।

इधर, वसीयत गोपनीय रखनी चाहती है प्रिया

इस मामले में सुनवाई हुई, जिसमें प्रिया ने ये अनुमति मांगी कि वह संजय कपूर की संपत्तियों की सूची सीलबंद लिफाफे में दाखिल कर सकें। सुनवाई के दौरान प्रिया कपूर के वकील ने कहा कि, 'मेरी बस यही मांग है कि वसीयत को सीलबंद लिफाफे में दाखिल करने की अनुमति दी जाए। ताकि यह जानकारी आम जनता और मीडिया तक न पहुंचे. हालांकि कोर्ट ने उनकी दलील को नकार दिया। हुए कहा कि, 'किसी भी मुकदमे में जब आप लिखित जवाब दाखिल करते हैं, तो दूसरी ओर को प्रतिवाद दाखिल करने के लिए यह जानकारी चाहिए।

यह है मामला

मालूम हो कि, दिवंगत बिजनेसमैन संजय कपूर की करीब 30,000 करोड़ की संपत्तियों पर दावा किया जा रहा है। संजय कपूर की अचानक मृत्यु के बाद उनकी संपत्ति पर विवाद खड़ा हुआ. इसके लिए अब उनकी पहली पत्नी, एक्ट्रेस करिश्मा कपूर से हुए बच्चे- समायरा और कियान हालिया पत्नी प्रिया कपूर के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं।

विशुद्धानंद महाराज बोले

जो हिंदू एक बच्चा पैदा करे व विदेश भेजे वह देशद्रोही

एजेंसी ▶▶ पुरी

जगन्नाथ पुरी के विशुद्धानंद महाराज ने कहा कि जो हिंदू एक बच्चा पैदा करता है और उसे विदेश भेजता है उसे देशद्रोही करार देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को फांसी पर चढ़ा देना चाहिए। ये बयान देते हुए उन्होंने क्षमा भी मांगी। एक कार्यक्रम में महाराज ने कहा कि आजकल हिंदू बच्चा पैदा करता ही नहीं है। हिंदुओं में थोड़ी राष्ट्रभक्ति की कमी है। उन्होंने कहा कि सबसे मन में भावना होती है कि एक बच्चा पैदा करेंगे, विदेश भेजेंगे, पढ़ाएंगे और हमको गर्व की अनुभूति होगी कि हमारा बच्चा लंदन में पढ़ता है, जर्मनी में पढ़ता है। उन्होंने कहा कि जो बाहर गया वो तो गया, वो तो नहीं आएगा। ऐसे में तो तुम्हारा वोट गया, धर्म गया। ये कैसा चिंतन है। उन्होंने कहा कि अगर विदेश ही भेजना है तो 4 बच्चे पैदा करो। उन्होंने कहा कि एक बच्चा पैदा करने वालों को साधु-संतों का आशीर्वाद नहीं मिलेगा।

लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित को प्रमोशन

मालेगांव ब्लास्ट केस में बरी होने के बाद मिली ये रैंक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मालेगांव विस्फोट मामले में बरी किए गए लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित को वर्षों की कानूनी लड़ाई के बाद कर्नल के पद पर पदोन्नत किया गया है।

पुरोहित उन सात आरोपियों में शामिल थे जिन्हें 31 जुलाई को विशेष एनआईए अदालत ने बरी कर दिया। अदालत ने कहा था कि मात्र संदेह सबूत की जगह नहीं ले सकता और उचित संदेह से परे विश्वसनीय और ठोस सबूतों के अभाव का हवाला दिया था। इसमें 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन अंततः केवल 7लोगों पर ही मुकदमा चलाया गया। कर्नल पुरोहित 9 साल तक जेल में बंद रहे थे। उन्होंने कोर्ट में दलील दी थी कि उन्हें राजनीतिक साजिश के तहत फंसाया गया है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पुरोहित को उनकी पदोन्नति पर बधाई दी है और उन्हें देशभक्त बताया है। सरकार उन देशभक्तों के साथ दृढ़ता से खड़ी है।

पीएम ने पं. दीनदयाल की जयंती पर श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और भारत की विचारधारा और विकास यात्रा में उनके योगदान को याद किया। अपनी पोस्ट में कहा कि भारत माता के महान सपूत और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को उनकी जयंती पर कोटिशः नमन। देश को समृद्धि की राह दिखाने वाले उनके राष्ट्रवादी विचार और अंत्योदय के सिद्धांत विकसित भारत के निर्माण में बहुत काम आने वाले हैं। उपाध्याय का एकात्म मानववाद का दर्शन और अंत्योदय का दृष्टिकोण भारत के विकास मॉडल को प्रेरित करता है।

समीर ने शाहरुख-गौरी पर लगाया छवि खराब करने का आरोप

दिल्ली हाइकोर्ट पहुंचे, 2 करोड़ का हर्जाना मांगा

रेड चिलीज और गौरी खान पर मामला दर्ज कराया

कैंसर रोगियों के इलाज के लिए मांगी यह बड़ी रकम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एनसीबी के पूर्व अफसर समीर वानखेड़े ने शाहरुख खान और उनकी पत्नी गौरी खान के स्वामित्व वाली रेड चिलीज और गौरी खान पर दिल्ली हाईकोर्ट में मामला दर्ज कराया है। समीर ने आर्यन खान की वेब सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुडल में उनकी छवि को गलत तरीके से दिखाने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि सीरीज में झूठी, दुर्भावनापूर्ण और अपमानजनक सामग्री है, जिसका उद्देश्य उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना है। सीरीज का निर्देशन आर्यन खान ने किया है। ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।उन्होंने शो की स्ट्रीमिंग पर रोक लगाने का निर्देश देने की भी मांग की है।



शो के एक सीन जिसमें एक कैरेक्टर 'सत्यमेव जयते' का पाठ करने के बाद अश्लील इशारा करता है, मुकदमे में दावा किया गया है कि यह राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971 के प्रावधानों का उल्लंघन है, जिसके लिए कानून के तहत सजा का प्रावधान है। अपने मुकदमे में समीर ने कैंसर रोगियों के इलाज के लिए टाटा मेमोरियल कैंसर अस्पताल को दान करने के लिए 2 करोड़ का हर्जाना मांगा है।

द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में था संबंधित सीन

आर्यनके हालिया रिलीज शो में एक एपिसोड में वानखेड़े पर तंज कसा गया था। समीर क्रूज पार्टी मामले में आर्यन को गिरफ्तार करने वाले एनसीबी अफसर हैं। सीरीज में दिखाया गया कि एनसीबी अफसर बॉलीवुड की पार्टी में रेड डालने पहुंचता है। इस अफसर के हाव-भा और शकल काफी हद तक समीर वानखेड़े से मिलते थे।

याचिका में लगाए गंभीर आरोप

समीर ने प्रोडक्शन हाउस, नेटफ्लिक्स और अन्य के खिलाफ स्थायी और अनिवार्य राहत निषेधाज्ञा, घोषणा और हर्जाने के रूप में राहत मांगी है। उन्होंने यह भी कहा है कि वह खान के निर्देशन में बने पहले शो 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में एक झूठे, दुर्भावनापूर्ण और मानहानि करने वाले वीडियो से वह आहत हैं। उन्होंने याचिका में दावा किया कि यह सीरीज नशीली दवाओं के खिलाफ प्रवर्तन एजेंसियों को गलत व अपमानजनक तरीके से दिखाती है। उन्होंने यह भी दावा किया कि यह सीरीज जानबूझकर समीर वानखेड़े की प्रतिष्ठा को रंग-बिरंगे और गलत तरीके से खराब करने के इरादे से तैयार की गई है।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारो से निम्न लिखित कार्यो हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यो के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (Rs.)	अग्रिम राशि (Rs.)	कार्य समाप्ति का समय	निविदा खुलने की तिथि
1	मानक स्टाफ क्वार्टरों का निर्माण – टाइप–II: 14 इकाइयाँ और टाइप–III: 1 इकाई, उप–मानक स्टाफ क्वार्टरों (टाइप–I: 10 इकाइयाँ, टाइप–II: 4 इकाइयाँ और टाइप–III: 1 इकाई) के स्थान पर, ओल्ड रेल विहार कॉलोनी, अंबाला कैंट में, एडीईएन/यूएमबी के अधीन।	4,27,35,789	3,63,700	06 महीने	17.10.2025
2	मानक स्टाफ क्वार्टरों का निर्माण – टाइप–II: 6 इकाइयाँ टाइप–III: 4 इकाइयाँ तथा टाइप–IV: 1 इकाई, उप–मानक स्टाफ क्वार्टरों (टाइप–II: 2 इकाइयाँ, टाइप–III: 3 इकाइयाँ एवं टाइप–IV: 1 इकाई, जो SSE/W/M/UMB सेक्शन में हैं तथा टाइप–II: 4 इकाइयाँ एवं टाइप–III: 1 इकाई, जो SSE/W/E/UMB के पुराने रेल कॉलोनी में हैं) के स्थान पर, एडीईएन/यूएमबी के अधीन।	2,11,07,789	2,55,500	06 महीने	17.10.2025
3	रेलवे स्टेशन कालका के लिए 0.2 एमएलडी क्षमता के एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) का प्रावधान।	2,27,46,562	2,63,700	12 महीने	17.10.2025
4	कालका स्टेशन की कॉलोनी में विभिन्न स्थानों पर जलापूर्ति में सुधार के लिए पुराने/खराब हो चुके मौजूदा टैंकों के स्थान पर प्लंबिंग पाइपों और बोर व पंप के साथ पम्प हाउस सहित 01 नग 225 केएल आरसीसी ओएच टैंक का प्रावधान।	85,07,228	1,70,200	08 महीने	17.10.2025
5	बठिंडा में आरपीएफ पोस्ट के लिए 50 बिस्तरों वाले नए बैरक का निर्माण।	3,76,80,534	3,38,400	08 महीने	17.10.2025
6	रनिंग रूम धुरी का विस्तार	2,27,03,967	2,63,500	10 महीने	17.10.2025
7	रेलवे स्टेशन सहारनपुर के लिए 0.2 एमएलडी क्षमता का एसटीपी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का प्रावधान।	2,27,46,562	2,63,700	12 महीने	17.10.2025

नोटः–
1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी संबंधित डॉक्यूमेंन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है।
2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें।
3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें।
4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा।
5. जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

खुली निविदा संख्या 32–अम्बाला/2025–26 दिनांक : 24.09.2025

2955/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

खबर संक्षेप

डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे चढ़कर 88.68 पर बंद

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया सीमित दायरे में कारोबार करते हुए अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सात पैसे बढ़कर 88.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ। डॉलर में मजबूती और कमजोर घरेलू बाजारों के बीच रिजर्व बैंक के संभवतः हस्तक्षेप के कारण रुपये में मजबूती आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि एच1बी वीजा शुल्क में बढ़ोतरी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने रुपये पर दबाव डाला।

बाजार प्रतिस्पर्धा को लेकर एसबीआई एमएफ आश्वस्त

मुंबई। एसबीआई म्यूचुअल फंड ने कहा कि वह निवेशकों की जरूरतों को बेहतर तरीके से समझती है और अपने उत्पादों के लिए प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारित करती है। विशेषीकृत निवेश कोष 'मैग्नम हाइब्रिड लॉन्ग शॉर्ट फंड' पेश किये जाने के मौके पर एसबीआई म्यूचुअल फंड के उप प्रबंध निदेशक और संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डीपी सिंह ने यह बात कही। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जियो ब्लैकरॉक के प्रवेश से बाजार का विस्तार होगा और इसका लाभ एसबीआई म्यूचुअल फंड को भी मिलेगा।

कुछ चांदी के आभूषणों के आयात पर 'अंकुश'

नई दिल्ली। सरकार ने कुछ चांदी के आभूषणों के आयात पर अगले साल 31 मार्च तक अंकुश लगा दिया है। एक अधिसूचना में यह कहा गया है। इस कदम का उद्देश्य थाइलैंड से बिना जड़ाऊ आभूषणों के नाम पर चांदी के आयात पर अंकुश लगाना है। भारत का आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संघ) के साथ एक मुक्त व्यापार समझौता है। थाइलैंड इस 10 सदस्यीय समूह का सदस्य है।

एचएसबीसी श्रीलंका में खुदरा कारोबार समेटेगी

कोलंबो। वित्तीय कंपनी एचएसबीसी अगले साल के मध्य तक श्रीलंका में अपने खुदरा बैंकिंग परिचालन को बंद कर देगी। यह श्रीलंका में सबसे पुराने विदेशी बैंकों में से एक है। एचएसबीसी अपना खुदरा बैंकिंग कारोबार श्रीलंका के नेशंस ट्रस्ट बैंक (एनटीबी) को 18 अरब श्रीलंकाई रुपये में बेच रही है। एनटीबी ने कोलंबो शेयर बाजार को लिखे एक पत्र में कहा कि उसने ''24 सितंबर, 2025 को हांगकांग और शंघाई बैंकिंग कॉरपोरेशन (एचएसबीसी) के साथ एक पक्का बिक्री और खरीद समझौता किया है।

फैबटेक टेक्नोलॉजीज का आईपीओ 29 को खुलेगा

नई दिल्ली। फार्मा, बायोटेक और स्वास्थ्य सेवा उद्योग के लिए इंजीनियरिंग समाधान प्रदाता फैबटेक टेक्नोलॉजीज ने अपने आगामी 230 करोड़ रुपये से अधिक के आईपीओ)के लिए 181-191 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया।

अब नहीं चाहिए फोन-कार्ड! अंगूठा लगाते ही होगा पेमेंट, भारत में बना डिवाइस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डिजिटल भुगतान को आसान बनाने नई तकनीक आई सामने, बिना फोन और कार्ड के केवल अंगूठे के जरिए पेमेंट की सुविधा

भारत में डिजिटल भुगतान को और आसान बनाने के लिए एक नई तकनीक सामने आई है जो बिना फोन और कार्ड के केवल अंगूठे के जरिए पेमेंट की सुविधा देती है। अब आपको कैश, डेबिट-क्रेडिट कार्ड या मोबाइल वॉलेट की जरूरत नहीं पड़ेगी क्योंकि अंगूठे का निशान ही आपकी पहचान और भुगतान का जरिया बन जाएगा। भारतीय स्टार्टअप कंपनी प्रॉक्सी ने इस अनोखे डिवाइस का नाम थंबपे रखा है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह डिवाइस आधार और यूपीआई से जुड़ा हुआ है जिसकी वजह से पैसों का लेन-देन तुरंत और सुरक्षित तरीके से हो जाता है। यूजर को बस अपना अंगूठा डिवाइस पर रखना होगा इसके बाद आधार एनेबल्ड पेमेंट सिस्टम से पहचान की पुष्टि होगी और फिर यूपीआई के माध्यम से बैंक से बैंक में पैसा ट्रांसफर हो जाएगा।

धोखाधड़ी की संभावना कम

इस प्रक्रिया में न क्यूआर कोड स्कैन करने की जरूरत है और न ही स्मार्टफोन की। यही वजह है कि थंबपे छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े स्टोर्स तक हर जगह काम आ सकता है। कंपनी के संस्थापक पुलकित आहूजा का कहना है कि भारत ने पिछले एक दशक में आधार और यूपीआई जैसी मजबूत डिजिटल नींव रखी है और थंबपे इन्हीं तकनीकों का बेहतरीन उपयोग है। इसमें सर्टिफाइड फिंगरप्रिंट स्कैनर दिया गया है जो धोखाधड़ी की संभावना को कम करता है।

बुजुर्ग, मजदूर व ग्रामीण क्षेत्र के लिए उपयोग आसान

यह तकनीक खासकर उन लोगों के लिए वरदान साबित हो सकती है जो स्मार्टफोन या वॉलेट का इस्तेमाल नहीं करते। बुजुर्ग, दिहाड़ी मजदूर और ग्रामीण क्षेत्र के लोग आसानी से इस डिवाइस के जरिए भुगतान कर पाएंगे। पुलकित आहूजा के अनुसार, थंबपे का मकसद है "यूपीआई की ताकत को हर व्यक्ति के अंगूठे तक पहुंचाना।" यह कदम न केवल शहरों में बल्कि गांवों और कस्बों में भी डिजिटल इंडिया की दिशा को और मजबूत करेगा।

डिवाइस की कीमत 2000 रुपए

कंपनी ने इस डिवाइस की कीमत 2,000 रुपए से कम रखी है ताकि यह छोटे व्यापारियों और ग्रामीण इलाकों में भी अपनाया जा सके। बैटरी से चलने वाला यह डिवाइस बिजली न होने पर भी काम करता है और किसी भी आधार से जुड़े बैंक अकाउंट वाले व्यक्ति द्वारा बिना रजिस्ट्रेशन के इस्तेमाल किया जा सकता है। इसका पायलट टेस्ट पूरा हो चुका है और अब यूआईडीएआई तथा एनपीसीआई से मंजूरी मिलने के बाद इसे बैंकों और फिनटेक कंपनियों की मदद से बाजार में उतारा जाएगा।

ऑडिट रिपोर्ट जमा करने की समय सीमा 31 अक्टूबर तक बढ़ाई

टैक्सपेयर्स के लिए बड़ी राहत, बढ़ाई गई टैक्स ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की डेडलाइन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहले ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की तारीख 30 सितंबर 2025 थी

टैक्सपेयर्स के लिए राहत भरी खबर है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने टैक्स ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। अब करदाताओं को अपनी ऑडिट रिपोर्ट जमा करने की नई समय सीमा 31 अक्टूबर 2025 तक कर दी गई है। पहले यह तारीख 30 सितंबर 2025 थी। इस निर्णय का उद्देश्य करदाताओं को रिपोर्ट तैयार करने और दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय देना है, ताकि वे सभी जरूरी डॉक्यूमेंट्स और डिटेल सही तरीके से प्रस्तुत कर सकें।

उद्देश्य रिपोर्ट तैयार करने और दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय देना

सीबीडीटी ने पहले करदाताओं को रिपोर्ट फाइल करने की समय सीमा निर्धारित की थी, लेकिन बढ़ते काम के दबाव और प्रशासनिक कारणों से इसे आगे बढ़ा दिया गया है। यह कदम उन व्यवसायों और पेशेवरों के लिए राहत देने वाला है जिन्हें ऑडिट रिपोर्ट तैयार करने में समय की चुनौती का सामना करना पड़ रहा था।

30 रिट याचिकाएं दायर की जा चुकी

देशभर के अलग-अलग हाईकोर्ट्स में अब तक 30 रिट याचिकाएं दायर की जा चुकी हैं। राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर बेंच ने सरकार और सीबीडीटी को 30 सितंबर की समय सीमा बढ़ाकर 31 अक्टूबर करने का निर्देश दिया। कर्नाटक हाईकोर्ट ने भी सीबीडीटी को डेडलाइन 31 अक्टूबर तक बढ़ाने को कहा। इसी क्रम में ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स ने भी सीबीडीटी से टैक्स ऑडिट रिपोर्ट की समय सीमा 31 अक्टूबर तक बढ़ाने की मांग की थी।

विभाग ने एक्स पर दी जानकारी

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इन्कम टैक्स विभाग ने एक पोस्ट में जानकारी दी है कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने पिछले वर्ष 2024–25 (आकलन वर्ष 2025–26) के लिए विभिन्न ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की निर्धारित तिथि बढ़ा दी है। यह विस्तार उन करदाताओं पर लागू होगा जो आयकर अधिनियम की धारा 139 की उप-धारा (1) की व्याख्या 2 के खंड (ए) में उल्लिखित हैं।

ई-फाइलिंग पोर्टल सुचारु रूप से काम कर रहा

सीबीडीटी ने यह भी स्पष्ट किया है कि इनकम टैक्स ई-फाइलिंग पोर्टल पूरी तरह सुचारु रूप से काम कर रहा है और टैक्स ऑडिट रिपोर्ट्स बिना किसी तकनीकी समस्या के सफलतापूर्वक अपलोड की जा रही हैं। 24 सितंबर तक लगभग 4,02,000 टैक्स ऑडिट रिपोर्ट्स दाखिल की जा चुकी हैं। वहीं, 23 सितंबर 2025 तक 7.57 करोड़ से अधिक आईटीआर फाइल किए जा चुके हैं।

टैक्स ऑडिट डेडलाइन बढ़ाने की मांगें

सीबीडीटी को टैक्स ऑडिट की समय सीमा बढ़ाने के लिए कई पेशेवर संगठनों से रिक्वेस्ट मिले थे। इनमें चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थाएं भी शामिल थीं। इन संगठनों ने करदाताओं और टैक्स प्रैक्टिशनरों द्वारा समय पर ऑडिट रिपोर्ट पूरी करने में आ रही कठिनाइयों को सामने रखा। अनुरोधों में बताया गया कि देश के कुछ हिस्सों में आई बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं ने सामान्य व्यवसाय और पेशेवर गतिविधियों को प्रभावित किया है। यही कारण है कि समय सीमा बढ़ाने की मांग की गई। यह मामला कई उच्च न्यायालयों में भी उठाया गया।

देश में लॉजिस्टिक लागत जीडीपी के 7.97 प्रतिशत होने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की लॉजिस्टिक लागत वित्त वर्ष 2023-24 में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 7.97 प्रतिशत रहने का अनुमान है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

यह रिपोर्ट डीपीआईआईटी के लिए आर्थिक शोध संस्थान नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) द्वारा तैयार की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले पांच वर्षों के अनुमानों से पता चलता है कि लॉजिस्टिक लागत में वृद्धि की गति धीरे-धीरे धीमी हो रही है।

■ डीपीआईआईटी की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी

रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले पांच वर्षों के लिए निकाले गए अनुमान बताते हैं कि लॉजिस्टिक लागत की वृद्धि दर धीरे-धीरे कम हो रही है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान, मालगाड़ियों के लिए अलग से बनाया गया गलियारा, सागरमाला परियोजना, एकीकृत जांच चौकियों और एकीकृत लॉजिस्टिक इंटरफेस मंच के विकास जैसी कई पहलों को दिया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है, /"डीपीआईआईटी के लिए एनसीएईआर द्वारा तैयार किए गए वर्तमान मूल्यांकन के अनुसार, भारत में लॉजिस्टिक लागत कुल जीडीपी का लगभग 7.97 प्रतिशत अनुमानित है।/"वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पिछले सप्ताह भारत में लॉजिस्टिक लागत के आकलन पर एक रिपोर्ट जारी की थी। इसके साथ ही, अब देश के पास लॉजिस्टिक लागत का एक व्यापक और वैज्ञानिक रूप से प्राप्त अनुमान उपलब्ध है।

वैश्विक इकाइयों में भ्रम की स्थिति पैदा हुई

इससे अनुमानों में विसंगति पैदा हुई, जिससे नीति निर्माताओं और संबंधित वैश्विक इकाइयों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा हुई। यह रिपोर्ट विभिन्न परिवहन साधनों, उत्पाद श्रेणियों और कंपनी के आकारों में लॉजिस्टिक लागत को शामिल करके एक व्यापक रूपरेखा प्रदान करती है।

शेयर बाजार में लगातार गिरावट, सेंसेक्स 556 अंक लुढ़का

विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी जारी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला लगातार पांचवें दिन बृहस्पतिवार को भी जारी रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी और अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क से जुड़ी चिंताओं के कारण सेंसेक्स 556 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 166 अंक की गिरावट रही।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 555.95 अंक यानी 0.68 प्रतिशत टूटकर 81,159.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 622.74 अंक गिरकर 81,092.89 अंक पर आ गया था। निफ्टी भी 166.05 अंक यानी 0.66 प्रतिशत गिरकर 24,890.85 अंक पर आ गया। यह शेयर बाजारों में गिरावट का लगातार पांचवां सत्र रहा। इस दौरान सेंसेक्स में कुल 1,854.28 अंक यानी 2.23 प्रतिशत और निफ्टी में 532.75 अंक यानी दो प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स और बजाज फाइनेंस में गिरावट का रुख रहा।

स्कोडा भारत में फिर पेश करेगी ऑक्टेविया मॉडल

नई दिल्ली। स्कोडा ऑटो इंडिया देश में अपनी प्रीमियम सेडान ऑक्टेविया को दो साल के अंतराल के बाद एक बार फिर भारतीय बाजार में लेकर आ रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। चेक गणराज्य की यह वाहन विनिर्माता कंपनी ऑक्टेविया आरएस को एक पूर्ण विनिर्मित इकाई (एफबीयू) के रूप में सीमित संख्या में पेश करेगी।

चांदी में 1000 रुपये का उछाल और सोना 630 रुपये फिसला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 1,000 रुपये की तेजी के साथ 1.40 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 1,39,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी। स्थानीय सराफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 630 रुपये की गिरावट के साथ 1,17,370 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। पिछले कारोबार में यह 1,18,000 रुपये प्रति 10 ग्राम था। सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार को 700 रुपये घटकर 1,16,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रही। बुधवार को यह 1,17,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

चांदी 14 साल के उच्चतम स्तर पर : अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 21.40 डॉलर या 0.57 प्रतिशत बढ़कर 3,757.54 डॉलर प्रति औंस हो गया।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम रोहतक	मरे हेतु जानवरों को दफन करने के लिए और वाहनों की आवाजाही के लिए ठोस कचरा संयंत्र के रखरखाव हेतु मशीनरी को किराये पर लेना (रोहतक)।	25.09.2025 02.10.2025	रु. 13.13 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9467283967 xenmcrohtak@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39037/I/88/6 दि. 25.09.25

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर परिषद भिवानी	वार्ड नं. 8, एम.सी. भिवानी में बावारी गेट पाजावा से हरीश रहेजा वाया अशोक बजाज, बावरी गेट तक गली का निर्माण (डीएनआईटी नं. 134388) + 13 कार्य।	17.09.2025 30.09.2025	ईएमडी रु. 418.15 लाख	https://etenders.hry.nic.in	99966295555 eo.mbhiwani@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39026/I/88/6 दि. 25.09.25

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर परिषद नारनौल	एम.सी. नारनौल में वार्ड नं. 01 में ढाणी किरारोड में पार्क का निर्माण + 4 कार्य।	24.09.2025 01.10.2025	रु. 148.22 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9255126426 executive@hryners.gov.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39047/I/88/6 दि. 25.09.25

विज्ञापन

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29क के प्रावधानों के अनुसार कोई भी राजनैतिक दल भारत निर्वाचन आयोग के साथ पंजीकृत होता है। संज्ञान में यह आया है कि निम्नलिखित पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों (RUPPs) द्वारा (दिसंबर 2018 तक पंजीकृत) ने पिछले 3 वित्तीय वर्षों (2021-22, 2022-23 और 2023-24) के अपने वार्षिक लेखापरीक्षित खाते निर्धारित तिथि अर्थात क्रमशः 30.11.2022, 31.12.2023 और 15.12.2024 के भीतर प्रस्तुत नहीं किए हैं। इसके अलावा, इन दलों ने चुनाव तो लड़े, लेकिन निर्धारित समयावधि अर्थात विधानसभा चुनावों के मामले में 75 दिनों के भीतर और लोकसभा चुनावों के मामले में 90 दिनों के भीतर व्यय रिपोर्ट दाखिल नहीं की। इसलिए आयोग की हिदायतानुसार निम्न पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो को आवश्यक कागजात / लिखित अभिवेदन जमा करवाने बारे तथा सुनवाई का मौका दिया जाता है।

क्र सं.	राजनैतिक दल का नाम	जिला	पता	आवश्यक कागजात/लिखित अभिवेदन जमा करवाने की तिथि	सुनवाई की तिथि व समय	सुनवाई का स्थान
1.	आदर्श जनता सेवा पार्टी	करनाल	रणजीत हाउस, दीवारा रोड़, सालवन, जिला-करनाल, हरियाणा।	13.10.2025	16.10.2025 प्रातः 10:00 बजे	कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा, 30 बेज बिल्डिंग, तृतीय तल, सैक्टर बी, चण्डीगढ़ - 160017
2.	आपकी अपनी अधिकार पार्टी	फरीदाबाद	मकान नंबर 381/5, न्यू पर्वतीया कॉलोनी, सारण स्कूल रोड, महादेव चौक, गांव-सारण, एनआईटी फरीदाबाद, हरियाणा।	13.10.2025	16.10.2025 प्रातः 10:30 बजे	
3.	आरक्षण विरोधी पार्टी	फरीदाबाद	डीटी-148, तिरखा कॉलोनी, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, हरियाणा-121004	13.10.2025	16.10.2025 प्रातः 11:00 बजे	
4.	अम्बेडकर समाज विकास पार्टी	यमुनानगर	मकान नंबर 49, मोहल्ला-तिलक नगर, यमुना नगर, तहसील जगाधरी, जिला यमुना नगर, हरियाणा-135003	13.10.2025	16.10.2025 प्रातः 11:30 बजे	
5.	राष्ट्रीय जनशक्ति पार्टी (एकलव्य)	पानीपत	पोस्ट और गांव बिनझोल, तहसील और जिला पानीपत, हरियाणा-132103	13.10.2025	16.10.2025 दोपहर 12:00 बजे	
6.	राष्ट्रीय जातिगत आरक्षण विरोधी पार्टी	सोनीपत	788-ई/24, यूनियन बैंक के सामने, पुराने कोर्ट के पास, रोहतक रोड, सोनीपत-131001 हरियाणा।	13.10.2025	16.10.2025 दोपहर 12:30 बजे	
7.	राष्ट्रीय लोकस्वराज पार्टी	करनाल	पद्मा फार्म, गांव-छापरा खेड़ा, बालाजी मंदिर के पास, फुसगढ़, करनाल, हरियाणा।	13.10.2025	16.10.2025 दोपहर 01:00 बजे	
8.	राष्ट्रीय सहारा पार्टी	गुड़गांव	जांगड़ा मार्केट दुदाहरा, गुड़गांव-122016, हरियाणा।	13.10.2025	16.10.2025 दोपहर 01:30 बजे	
9.	रिपब्लिकन बैकवर्ड कांग्रेस	चरखी दादरी	प्लॉट नंबर 4, गली नंबर 1. वार्ड नंबर 1, एम.सी. कॉलोनी, चरखी दादरी, जिला भिवानी, हरियाणा-127306	13.10.2025	16.10.2025 दोपहर 02:00 बजे	
10.	सर्व जन समाज पार्टी (नंद किशोर चावला)	हिसार	चावला प्रॉपर्टीज, लक्ष्मी विहार, कैमरी रोड, हिसार, हरियाणा।	13.10.2025	16.10.2025 दोपहर 02:30 बजे	
11.	टोला पार्टी	पलवल	मकान नंबर-55, वार्ड नंबर-14, अंधुआ पट्टी, होडल, (पलवल), हरियाणा।	13.10.2025	16.10.2025 दोपहर 03:00 बजे	

अतः उपरोक्त सभी राजनैतिक दलों के अध्यक्ष / सचिव से अनुरोध है कि उक्त तालिका में दर्शाये गई तिथि अनुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें। यदि उक्त तिथियों तक राजनैतिक दल का कोई भी जवाब प्राप्त नही होता है तो यह मान लिया जाएगा कि राजनैतिक दल कुछ नहीं कहना चहता है तथा आयोग राजनैतिक दल को बिना सूचित किये आवश्यक आदेश पारित कर देगा।

हस्ता/-मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
हरियाणा।

संवाद 2270/11/3/2026/39020/C/88/6 दि. 25.09.2025

एलन टैलेंटेक्स रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| कोटा

देश की बड़ी प्रतिभा प्रोत्साहन परीक्षाओं में से एक एलन टैलेंटेक्स में आवेदन को लेकर देश भर के स्टूडेंट्स में उत्साह है। एलन फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप और कैश प्राइज जीतने के लिए 5 अक्टूबर को हो रही इस परीक्षा में हर विद्यार्थी शामिल होना चाहता है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के वाइस प्रसीडेंट एवं टैलेंटेक्स के नेशनल हेड पंकज

अग्रवाल ने बताया कि 5 अक्टूबर को देश के चंडीगढ़, दिल्ली एनसीआर, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान एवं उत्तराखंड राज्यों में आयोजित होगी। अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा में शुरूआत से अब तक 18.25 लाख विद्यार्थी शामिल हो चुके हैं। कक्षा 5 से 10 तक के स्टूडेंट्स के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में परीक्षा होगी। स्टूडेंट्स को नेशनल व स्टेट रैंक के साथ ही 2.50 करोड़ के कैश प्राइज तथा 250 करोड़ रुपए की स्कॉलरशिप दी जाएगी। परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर स्टूडेंट्स एलन क्लास रूम एवं डिजिटल कोर्सेज में एडमिशन पर 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	मोती लाल नेहरू खेल-कूद विद्यालय, राई, सोनीपत	सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम का एएमसी।	25.09.2025 16.10.2025	3 लाख	https://etenders.hry.nic.in	8708859410 mnssrai@rediffmail.com
2	महिला एवं बाल विकास, यमुनानगर	एडब्ल्यूसी को एसएनपी आपूर्ति इत्यादि का परिवहन कार्य।	25.09.2025 09.10.2025	ईएमडी 50000/-	https://etenders.hry.nic.in	9467470011 poynr.wcd@gmail.com
3	लोनिवि भ व प कुरूक्षेत्र	कुरूक्षेत्र जिले में गांव बिर कलवा में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का निर्माण (नाबार्ड आरआईडीएफ-XXIX के तहत) + 4 कार्य।	18.09.2025 26.09.2025	142.94 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1744297271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in
4	लोनिवि भ व प गुरूग्राम	गुरूग्राम जिले में गुरूग्राम फरीदाबाद रोड (एमडीआर-137) से गांव कादरपुर वाया बहरामपुर कि.मी. 0.00 से 7.55 तक रोड के मजबूतीकरण का प्रावधान (रोड आईडी 10218, 10219 और 3044) (कार्य कार्यक्रम 2025-26)।	बंद होने की तिथि 03.10.2025	119.60 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in
5	लोनिवि भ व प गुरूग्राम	गुरूग्राम जिले में सीएचसी घंघोला में कॉफ्रेंस रूम और बायोमेडिकल वेस्ट रूम का निर्माण।	बंद होने की तिथि 30.09.2025	26.66 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in
6	लोनिवि भ व प कुरूक्षेत्र	कुरूक्षेत्र में लाडवा में एसडीओ (सिविल) कॉम्पलैक्स का निर्माण (सीएम घोषणा कोड सं. 26014 दिनांक 06.04.2022)।	18.09.2025 09.10.2025	1905.46 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1744297271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/120/39049/I/88/6 दि. 25.09.25

भारत-पाक के बीच होगा एशिया कप का फाइनल, बांग्लादेश की उम्मीदें ध्वस्त

बांग्लादेश को 11 रन से हराया

शाहीन- रऊफ को 3-3 विकेट

एजेंसी ▶▶| दुबई

एशिया कप 2025 के मैच नंबर-17 में 25 सितंबर (गुरुवार) को बांग्लादेश और पाकिस्तान की टक्कर हुई। दुबई के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हुए सुपर-चार के इस मुकाबले में पाकिस्तानी टीम ने बांग्लादेश पर 11 रनों से जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही पाकिस्तानी टीम ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है। अब 28 सितंबर (रविवार) को होने वाले फाइनल में पाकिस्तान का सामना भारत से होगा। एशिया कप के 41 सालों के इतिहास में पहली बार भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल खेला जाएगा। मुकाबले में बांग्लादेश को जीत के लिए 136 रनों का टारगेट मिला था, लेकिन उसकी टीम 20 ओवर्स में 9 विकेट पर 124 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की ओर से शमीम हुसैन ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। वहीं सैफ हसन (18 रन), रिशाद हुसैन (नाबाद 16 रन) और नुरुल हसन

(16 रन) ने भी क्रीज पर जमने की कोशिश की। पाकिस्तान की ओर से शाहीन आफरीदी और हारिस रऊफ ने तीन-तीन विकेट झटके। वहीं सैम अयूब ने दो विकेट चटकाए। मोहम्मद नवाज को भी एक विकेट मिला। पाकिस्तानी टीम ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट पर 135 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद हारिस ने 2 चौके और एक छक्के की मदद से 23 बॉल पर सबसे ज्यादा 31 रनों का योगदान दिया। वहीं मोहम्मद नवाज ने 15 गेंदों का सामना करते हुए 25 रन बनाए, जिसमें दो छक्के के अलावा एक चौका शामिल रहा। सलमान अली आगा (19 रन), शाहीन आफरीदी (19 रन) और फखर जमां (13 रन) भी दोहरे अंकों तक पहुंचने में सफल रहे। बांग्लादेश की ओर से तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने सबसे ज्यादा तीन विकेट झटके। स्पिन गेंदबाजों रिशाद हुसैन और महेदी हसन को भी दो-दो सफलताएं प्राप्त कीं।

मुस्ताफिजुर रहमान को एक विकेट मिला। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच अब तक 26 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान बांग्लादेशी टीम ने सिर्फ 5 मैचों में जीत हासिल की। वहीं पाकिस्तानी टीम को 21 मुकाबलों में जीत नसीब हुई।

आस्ट्रेलिया के खिलाफ अय्यर को टीम इंडिया की कमान

नई दिल्ली। श्रेयस अय्यर को आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ कानपुर में 30 सितंबर से होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए भारत ए का कप्तान बनाया गया है। इससे 50 ओवरों की सीनियर टीम में उन्हें कमान सौंपे जाने की संभावना बन रही है हालांकि वह अगले छह महीने लाल गेंद के क्रिकेट से दूर रहेंगे। तीस वर्ष के

अय्यर ने हाल ही में बीसीसीआई चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर को बताया है कि वह कमर की तकलीफ के कारण लाल गेंद का क्रिकेट नहीं खेल सकते। भारत ए टीम में स्पिनर रवि बिश्नोई, विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह, हरफनमौला रियान पराग और आयुष बडोनी शामिल हैं।

खबर संक्षेप

हॉकीः आज से आस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज

कैनबरा। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम आगामी एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप से पहले शुक्रवार से शुरू हो रहे पांच मैचों के आस्ट्रेलिया दौरे पर अपनी कमजोरियों से पार पाना चाहेगी। भारतीय टीम 26 सितंबर से दो अक्टूबर के बीच कैनबरा में पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी । पहले तीन मैच 26, 27 और 29 सितंबर को आस्ट्रेलियाई जूनियर महिला टीम के खिलाफ खेले जाएंगे जबकि आखिरी दो मैच 30 सितंबर और दो अक्टूबर को आस्ट्रेलिया के हॉकी वन लीग क्लब कैनबरा चिल के खिलाफ होंगे। महिला जूनियर विश्व कप दिसंबर में चिली के सैंटियागो में खेला जाएगा। भारतीय टीम ने जून में यूरोप दौरे पर बेल्जियम, आस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के खिलाफ पांच मैच खेले थे।

23 नवंबर से राजस्थान में 'टूर डे थार' साइकिलिंग स्पर्धा



नई दिल्ली। राजस्थान 23 नवंबर को अपनी तरह के पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर की साइकिलिंग स्पर्धा 'टूर डे थार' की मेजबानी करेगा। खेल मंत्रालय ने यह घोषणा करते हुए कहा इस आयोजन में 300 किमी रिले, 200 किमी और 100 किमी की तीन अलग-अलग वर्गों में रेस प्रतियोगिता होगी। इसमें 2500 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इस स्पर्धा को बीकानेर के नोरंगदेसर गांव से हरी झंडी दिखाई जाएगी। मंत्रालय के अनुसार, 'यह रेस अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेसवे पर आयोजित होगी। यह आयोजन थार रेगिस्तान को साहस और दृढ़ता दिखाने के लिए एक मंच के रूप में प्रस्तुत करेगा।'

महिला निशानेबाजों ने 50 मीटर राइफल प्रोन में किया क्लीन स्वीप

नई दिल्ली। भारतीय जूनियर महिला निशानेबाजों ने गुरुवार को 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया तो वहीं पुरुषों ने इसी स्पर्धा में एक रजत और एक कांस्य पदक हासिल किया, जिससे देश ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में मजबूत शुरुआत की। हाल में कजाखस्तान में एशियाई चैंपियनशिप में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशंस का जूनियर स्वर्ण पदक जीतने वाली युवा अनुष्का ठोकुर ने डा. कर्णी सिंह रेंज में 621.6 अंक से पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस गैर ओलंपिक स्पर्धा में 18 साल की अंशिका ने 619.2 अंक से रजत पदक और 20 साल की आध्या अग्रवाल ने 615.9 अंक से कांस्य पदक जीता।

श्रृंखला 2 अक्टूबर से, जडेजा को उपकप्तान की कमान

वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज में खेलेंगे बुमराह नायर को आराम, पडिक्कल की वापसी

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है जबकि देवदत्त पडिक्कल ने खराब फॉर्म से जूझ रहे करुण नायर की जगह ली। भारतीय टीम के 15 सदस्यीय टीम की घोषणा करते हुए चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने संकेत दिए कि नायर और बंगाल के सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन अब टीम प्रबंधन की रणनीति का हिस्सा नहीं हैं। ऋषभ पंत की गैर मौजूदगी में रविंद्र जडेजा को वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में उपकप्तान बनाया गया है जबकि 25 वर्ष के कर्नाटक के खब्बू बल्लेबाज पडिक्कल और 23 वर्ष के साई सुदर्शन को भविष्य की उम्मीद के रूप में देखा जा रहा है।

पंत अभी तक पूरी तरह फिट नहीं

नियमित उपकप्तान ऋषभ पंत अभी तक पूरी तरह फिट नहीं हुए हैं और चयन के लिए उपलब्ध नहीं है । इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के दौरान पंत के पैर में फ्रेक्चर हो गया था। अगरकर ने कहा,' उम्मीद है कि वह नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला तक उपलब्ध हो जाएगा।' विकेटकीपर ध्रुव जुरेल और एन जगदीशन को टीम में रखा गया है ।

भारतीय टीम इस प्रकार

शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, रविंद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, नितीश कुमार रेड्डी, एन जगदीशन, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव ।

बुमराह मिल चुका अच्छा आराम

बुमराह के बारे में अगरकर ने कहा कि उन्हें अच्छा आराम मिल चुका है और वह दो अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला खेलेंगे। अगरकर ने कहा,' बुमराह वेस्टइंडीज के खिलाफ दोनों मैच खेलना चाहते हैं । यह टीम दोनों टेस्ट के लिए है और वह दोनों खेलेंगे। इंग्लैंड दौरे के बाद अच्छा ब्रेक मिल चुका है और वह पांचवां टेस्ट नहीं खेले थे। एक महीने या पांच सप्ताह का ब्रेक हो चुका है।' नायर के बारे में उन्होंने कहा कि वह मौकों का पूरा फायदा नहीं उठा सके हैं और इंग्लैंड दौरे पर आठ पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक लगाया। उन्होंने कहा,' हमें लगता है कि इस समय पडिक्कल बेहतर विकल्प हैं। काश हम सभी को 15 या 20 टेस्ट दे पाते लेकिन ऐसा नहीं हो सकता।' अगरकर ने कहा ," पडिक्कल टेस्ट टीम में रहे हैं। हमने इंग्लैंड में करुण से बेहतर की उम्मीद की थी । पडिक्कल आस्ट्रेलिया में टेस्ट टीम में थे और इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में अर्धशतक लगाया था।'

ईश्वरन को अंतिम एकादश में नहीं मिला मौका

पिछले तीन चार साल से टीम के साथ लगातार दौरा कर रहे ईश्वरन को अंतिम एकादश में मौका नहीं मिला है और अब तो वह टीम से भी बाहर हैं। अगरकर ने कहा कि इस फैसले के पीछे बहुत कुछ पढने की जरूरत नहीं है । भारतीय टीम को हालांकि अगले एक साल विदेश दौरा नहीं करना है लिहाजा ईश्वरन का टेस्ट पदार्पण मुश्किल ही लग रहा है । तीसरे सलामी बल्लेबाज के रूप में एन जगदीशन पर विचार हो सकता है। अगरकर ने कहा,' विदेश दौरे पर 16 या 17 खिलाड़ी जाते हैं और तीसरा सलामी बल्लेबाज भी उसमे होता है । केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल का प्रदर्शन खराब नहीं था। ऐसे में हमे तीसरे सलामी बल्लेबाज की जरूरत नहीं है। जरूरत होगी तो उसे भेजा जा सकता है।"

सैमसन की असफलता चिंता का सबब

भारत के पास जितेश को आजमाने का आखिरी मौका

श्रीलंका के खिलाफ सुपर-4 का आखिरी मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶| दुबई

मध्यक्रम में संजू सैमसन की असफलता मुख्य कोच गौतम गंभीर की चिंता का सबब होगी और भारतीय टीम प्रबंधन श्रीलंका के खिलाफ शुक्रवार को एशिया कप सुपर 4 चरण के आखिरी और बेमानी मुकाबले में जितेश शर्मा को आजमा सकता है। भारत की बांग्लादेश पर जीत के साथ ही श्रीलंका फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया, जिसे सुपर 4 में बांग्लादेश और पाकिस्तान ने भी हराया था। पूरी संभावना है कि रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

टूर्नामेंट में छूटे दस कैच

भारतीय बल्लेबाजी क्रम में सैमसन फिट होते नहीं दिख रहे। भारतीय टीम के लिए चिंता का दूसरा कारण टूर्नामेंट में अभी तक दस कैच छूटना भी है, जिनमें से पांच बांग्लादेश के खिलाफ छूटे। बड़े मैचों में इस तरह की कोताही की गुंजाइश नहीं रहती और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने भी स्वीकार किया कि इस विभाग में सुधार करना होगा। चक्रवर्ती की गेंदों पर भी कई कैच छूटे हैं।

टीमें इस प्रकार

भारत : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, जसप्रित बुमरा, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा, रिंकू सिंह।

श्रीलंका : चरित असलंका (कप्तान), पाथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानिदु फर्नांडो, कामिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, जेनिथ लियानगे, चमिका करुणारत्ने, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, दुष्मंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना।

वुमेन आईपीएल

लीसा नाइटली बनीं मुंबई इंडियंस की महिला कोच

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई इंडियंस ने आस्ट्रेलिया की पूर्व क्रिकेटर और दो बार की विश्व कप विजेता लीसा नाइटली को अपनी महिला टीम का मुख्य कोच बनाया। नाइटली 1997 और 2005 में आस्ट्रेलिया की विश्व कप विजेता टीम की सदस्य थी और अब महिला क्रिकेट की सबसे सम्मानित कोचों में से एक हैं । उन्होंने आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दुनिया की शीर्ष लीगों में कोचिंग की है। मुंबई इंडियंस महिला प्रीमियर लीग की सबसे कामयाब टीम है, जिसने तीन सत्र में दो बार 2023 और 2025 में खिताब जीते हैं मुंबई इंडियंस की मालिक नीता अंबानी ने कहा,' हम मुंबई इंडियंस परिवार में लीसा नाइटली का स्वागत करते हैं। महिला क्रिकेट की पुरोधा लीसा ने अपने जुनून, कौशल और जज्बे से उदीयमान क्रिकेटरों को प्रेरित किया है।' नाइटली ने कहा,' मुंबई इंडियंस से जुड़ना फख्र की बात है। इस टीम ने डब्ल्यूपीएल में नए मानदंड कायम किए हैं। इस प्रतिभाशाली समूह के साथ काम करने को लेकर रोमांचित हूं ।' नाइटली आस्ट्रेलिया के लिए नौ टेस्ट, 82 वनडे और एक टी20 खेल चुकी है।

भारत को करनी चाहिए दमदार प्रदर्शन की कोशिश : लैनिंग

दुबई। आस्ट्रेलिया की क्रिकेटर मेग लैनिंग का मानना है कि भारत को श्रीलंका के खिलाफ महिला विश्व कप के पहले मैच में दमदार प्रदर्शन की पूरी कोशिश करनी चाहिए ताकि घरेलू हालात में खेलने का अपेक्षाओं का दबाव हटा सके और आगे की कठिन चुनौती के लिए भी तैयार हो पाए। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम को विश्व कप से ठीक पहले आस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में हराया है। भारत के लिए हालांकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने लगातार दो शतक लगाए और दीप्ति शर्मा की अगुवाई में स्पिनरों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 8000 से अधिक रन बनने के बाद दो साल पहले विदा लेने वाली 31 वर्ष की लैनिंग ने कहा कि बड़े टूर्नामेंट में जीत के साथ आगाज करने से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा,' श्रीलंका के खिलाफ मैच भारत के लिए अहम होगा क्योंकि इससे दबाव कम हो जाएगा।'

चाइना ओपन...

बीजिंग। नेशनल टेनिस सेंटर में चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल मैच में रूस के करेन खाचानोव को हराने के बाद फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए।

बीबीएल में खेलने वाले पहले बड़े क्रिकेटर बने अश्विन

सिडनी। आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बिग बैश लीग (बीबीएल) के आगामी सत्र के लिए सिडनी थंडर से जुड़ गए और इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले भारत के पहले बड़े क्रिकेटर बने। हाल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को अलविदा कहने वाले 39 वर्ष के अश्विन 14 दिसंबर से 25 जनवरी तक होने वाले बीबीएल के दूसरे हाफ में उपलब्ध होंगे। अश्विन ने कहा, 'सिडनी थंडर मेरे इस्तेमाल के बारे में स्पष्ट थे। उनके साथ मेरी बातचीत बहुत अच्छी रही, और हम मेरी भूमिका को लेकर पूरी तरह सहमत हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे डेव वार्नर का खेल बहुत पसंद है। मैं टीम के लिए प्रदर्शन करने के लिए बेताब हूं।' सिडनी थंडर के महाप्रबंधक ट्रेंट कोपलैंड ने इसे बीबीएल के इतिहास में सबसे बड़ा करार बताया। कोपलैंड ने कहा, "मुझे लगता है कि यह बीबीएल के इतिहास में यकीनन सबसे बड़ा करार है, पहला भारतीय और खेल का आइकॉन। वह बहुत प्रतिस्पर्धी खिलाड़ी है।' अश्विन बीबीएल में खेलने वाले पहले भारतीय पुरुष क्रिकेटर होंगे। भारत में जन्में उन्मुक्त चंद और निखिल चौधरी विदेश में प्रवास के बाद बीबीएल में खेले थे।

भड़काऊ इशारों को लेकर पर बीसीसीआई ने की रऊफ, साहिबजादा की शिकायत

शिकायतें लेकर आईसीसी के द्वार पहुंचे, बीसीसीआई और पीसीबी

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत ने एशिया कप सुपर 4 मैच के दौरान भड़काऊ इशारे करने वाले पाकिस्तान के क्रिकेटरों हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान के खिलाफ आईसीसी के पास आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है। समझा जाता है कि बीसीसीआई ने बुधवार को दोनों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और आईसीसी को ईमेल भेजा है। आईसीसी इस मामले में सुनवाई करेगी क्योंकि साहिबजादा और रऊफ ने लिखित में इन आरोपों का खंडन किया है। उन्हें सुनवाई के लिए आईसीसी एलीट पेनल के रैफरी रिची रिचर्डसन के सामने पेश होना पड़ सकता है।

सूर्यकुमार की टिप्पणी राजनीतिक : पीसीबी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने जवाबी कार्रवाई में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव की आधिकारिक शिकायत की है, जिन्होंने 14 सितंबर को पाकिस्तान पर मिली जीत को आपरेशन सिंदूर में शामिल भारतीय सशस्त्र बलों को समर्पित करते हुए पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता दिखाई थी। पीसीबी ने आरोप लगाया है कि सूर्यकुमार की टिप्पणी राजनीतिक थी।

रऊफ ने किया था विमान गिरा देने का इशारा

भारत के खिलाफ 21 सितंबर के मैच के दौरान रऊफ ने भारतीय समर्थकों के 'कोहली कोहली' चिल्लाने के बाद भारतीय सैन्य कार्रवाई का मजाक बनाते हुए विमान गिरा देने का इशारा किया था। कोहली ने विश्व कप 2022 के दौरान एमसीजी पर रऊफ की गेंद पर विजयी छक्का लगाया था। रऊफ ने मैच के दौरान भारतीय सलामी बल्लेबाजों अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल को भी गालियां दी, जिसका जवाब दोनों युवा क्रिकेटरों ने अपनी शानदार बल्लेबाजी से दिया। इसी मैच के दौरान साहिबजादा ने बल्ले को मशीनगन की तरह इस्तेमाल करते हुए बंदूक चलाने के अंदाज में जश्न मनाया था, जिसकी काफी निंदा हुई।

नकवी ने डाला आग में घी

उधर एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने आग में घी डालते हुए एक्स पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो का 'स्लो मोशन' वीडियो डाला है, जिसमें पुर्तगाल का यह फुटबॉलर विमान के क्रैश होने का इशारा कर रहा है जैसा रऊफ ने भारत के खिलाफ मैच के दौरान किया था। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष होने के साथ अपने देश के गृहमंत्री भी हैं और भारत के खिलाफ भड़काऊ बयानों के लिए जाने जाते हैं। रोनाल्डो उस वीडियो में शायद बता रहे थे कि उनकी सीधी ड्रैग फ्लिक गोल में कैसे गई। इस वीडियो के बाद देखना होगा कि एशिया कप फाइनल में पहुंच चुकी भारतीय टीम क्या एसीसी अध्यक्ष के साथ मंच साझा करेगी। बीसीसीआई और आईसीसी दोनों की नजर में यह मामला है और देखना है कि नकवी के खिलाफ कोई कार्रवाई होती है या नहीं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

चिंतन

स्वदेशी तेजस से मजबूत होगा देश का सुरक्षा चक्र

महज एक दिन पहले ही अखबारों में सुर्खियां थी कि छह दशक से देश की सुरक्षा प्रणाली का स्तंभ 26 सितंबर को सेवानिवृत्त हो जाएगा। इसके लिए बाकायदा एक समारोह का आयोजन भी होगा जिसमें मिग-21 को विधिवत विदाई दी जाएगी। 1963 में सोवियत यूनियन (अब रूस) से मुम्बई उतरे मिग-21 ने देश की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाई। साल 1965 और 1971 में पाकिस्तानी हमलों को मुंह तोड़ जवाब देने वाले मिग-21 ने कारगिल युद्ध में विजय दिलाने में खूब योगदान दिया। मिग-21 की सेवानिवृत्ति पर सबसे बड़ा सवाल यही था कि अब उसका स्थान कौन लेगा। वैसे तो देश की वायुसेना के पास एक मिग 29, फ्रांसीसी मिराज और ब्रिटिश जगुआर विमान शामिल हैं। इस बेड़े का अधिकांश हिस्सा विरासत एंटोनोव एएन-32 , डोर्नियर 228 और हॉकर सिडली एचएस 748 विमानों से बना है। इसके बावजूद मुख्य विकल्प को लेकर साफ-साफ कहा जा रहा था कि स्वदेशी तकनीक से बना तेजस ही मिग-21 का उत्तराधिकारी बनेगा। मिग-21 का मुख्य और प्रत्यक्ष विकल्प भारतीय वायुसेना के लिए स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस एमके1ए लड़ाकू विमान है, जिसे हाल ही में वायुसेना में शामिल करने की मंजूरी मिली है। तेजस, अपने आधुनिक एईएसए रडार, अस्त्र मिसाइल और 65 फीसदी स्वदेशी सामग्री के साथ, मिग-21 से कहीं अधिक सुरक्षित और बहुमुखी है। इसके अलावा, भारतीय वायुसेना के पास राफेल और सुखोई जैसे अन्य उन्नत विमान भी हैं जो मिग-21 से कहीं ज्यादा उन्नत हैं। अब रक्षा मंत्रालय ने मिग-21 की विदाई से पहले ही रक्षा तंत्र को मजबूत करते हुए 62,370 करोड़ रुपये की लागत से 97 तेजस मार्क-1ए हल्के लड़ाकू विमानों की सप्लाई करने के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ एक बड़े सौदे को औपचारिक रूप दिया है। यह स्वदेशी लड़ाकू विमान प्लेटफॉर्म के लिए अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर है। वहीं, दुनिया में अमेरिका, रूस, फ्रांस, इजरायल और चीन के पास पांचवीं पीढ़ी के विमान हैं। चीन तो छठी पीढ़ी के जेट भी बनाने का दावा कर रहा है। पांचवीं पीढ़ी की तकनीक सिर्फ अमेरिका, रूस और चीन के पास है। भारतीय वायु सेना को मजबूत करने के लिए एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट के मॉडल को भी मंजूरी दे दी है। इस प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी को दी गई है। एजेंसी प्राइवेट कंपनियों के साथ मिलकर काम करेगी। इस कॉन्ट्रैक्ट को भारत के लड़ाकू बेड़े के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जो पुराने विमानों के कई फेज में रिटायरमेंट से पैदा हुईं खामियों को दूर करेगा। वैसे भी एचएएल ने 13वें सीरीज प्रोडक्शन तेजस एमके-11 की पहली उड़ान सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। यह उड़ान अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक के कैटेगरी-बी एफ-404 इंजनों से की गई थी। असली एफ-404-आईएन-20 इंजन अभी आने बाकी हैं। बीते दिनों वायुसेना चीफ एपी सिंह ने कहा था कि एक भी सिंगल प्रोजेक्ट टाइम पर पूरा नहीं हो पाया है। इसी को देखते हुए सरकार ने तुरंत सौदे को मंजूरी दे दी है ताकि किसी तरह की देरी न हो। एचएएल का दावा है कि वह अक्टूबर में 83 तेजस जेट विमानों में से पहले दो की डिलीवरी कर देगा। साफ है कि वायुसेना को तेजस मिलने के बाद देश की सुरक्षा अभेद होगी। एक और पाकिस्तान चीन से जे-35ए की खरीद कर रहा है, वहीं दूसरी ओर हम उससे कहीं उन्नत स्वदेशी का निर्माण कर रहे हैं। इससे न केवल हम अपनी सुरक्षा को मजबूत करेंगे बल्कि आत्मिनर्भर भारत का सपना भी पूर्ण होगा।

दो टूक
आचार्य श्रीहरि

अरब-मुस्लिम नाटो गठन पर विफलता

अरब-मुस्लिम नाटो गठन का सपना अधूरा रह गया। पाकिस्तान, तुर्की और हमास का प्रयास विफल हो गया। कतर खुद पीछे हट गया। इस्लामिक सहयोग संगठन की गोलबंदी भी कोई काम नहीं आई। नाटो जैसा कोई भी अरब-मुस्लिम नाटो सैनिक फोर्स का खड़ा होना मुश्किल है। फिर इजरायल के पक्ष में सैनिक गठबंधन बनेगा, फिर भारत, दक्षिण कोरिया जैसे देश भी अपनी सुरक्षा के लिए इजरायल के साथ सैनिक गठबंधन के लिए मजबूर होंगे। नाटो और अमेरिका भी ऐसी कोई सेना को अपने विरुद्ध मानेगा। फिर पाकिस्तान-तुर्की और हमास जैसी शक्तियां अरब-मुस्लिम नाटों का सपना देखते रहें, यह सपना सच होने वाला नहीं है।

अरब-मुस्लिम नाटो गठन का सपना अधूरा रह गया। पाकिस्तान, तुर्की और हमास का प्रयास विफल हो गया। कतर खुद पीछे हट गया। इस्लामिक सहयोग संगठन की गोलबंदी भी कोई काम नहीं आई। अरब लीग और इस्लामिक सहयोग संगठन क्या सिर्फ हाथी के दांत हैं, गुब्बारे की हवा हैं, मंच पर सिर्फ बैठकर शेखी बघारने वाले संगठन हैं, इनमें शक्ति नहीं हैं, इनमें निर्णय लेने की क्षमता नहीं हैं? क्या ये यूरोपीय देशों की तरह मुस्लिम देशों का अपना कोई सैनिक शक्ति का निर्माण नहीं कर सकते हैं? क्या ये नाटो का विकल्प नहीं बना सकते हैं?

इनके पास संगठन हैं, इनके पास दुनिया की सबसे बड़ी आबादी यानी मुस्लिमों का समर्थन है, ये सिर्फ भीखमंगे नहीं हैं, ये सिर्फ गरीब नहीं हैं, ये सिर्फ अर्थव्यवस्थाहीन नहीं हैं, ये सिर्फ अनिर्यातक नहीं हैं, बल्कि ये अमीर हैं, ये शक्तिशाली भी हैं, ये समर्थ भी हैं, इनके पास धन की कोई कमी नहीं है, इनके पास खनिज संपदाओं की कोई कमी नहीं हैं, ये तेल और गैस के निर्यातक भी हैं, संयुक्त राष्ट्रसंघ की भूमिकाओं के नियंत्रक भी हैं। इतना ही नहीं बल्कि दुनिया के सभी लोकतांत्रिक नियामकों में इनकी संख्या और सक्रियता भी हैं शक्तिशाली हैं। फिर ये मुस्लिम अधिकारों को लेकर एकजुटता दिखाने में कमजोर क्यों और कैसे साबित हो जाते हैं? इजरायल के खिलाफ इनकी एकजुटता क्यों नहीं पनप पाती है, अमेरिका के खिलाफ इनकी बोलती क्यों बंद रहती हैं, यूरोपीय देशों के खिलाफ भी ये अपनी भूमिका सर्वश्रेष्ठ और निर्णायक क्यों नहीं बना पाते हैं? क्या अरब लीग और इस्लामिक सहयोग संगठन भविष्य मे मुस्लिमों के अधिकार और भलाई के लिए मजबूत होने के लिए तैयार हैं? ख्याल यह रखना चाहिए कि दुनिया उसी की बात सुनती है, उसी के सामने सिर झुकाती है, उसी की अस्मिता और संप्रभुत्ता का सम्मान करती है जिसके पास शक्ति होती है, जिसके पास मजबूत संगठन होते हैं, जिसकी आबादी अपने अधिकारों के प्रति सक्रिय होती है और शक्ति का प्रयोग करती है। अमेरिका इसी कसौटी को आधार बनाकर दुनिया पर राज करता है। रूस इसी कसौटी पर यूक्रेन की संप्रभुता को रौंद रहा है। संदर्भ इजरायल बनाम अरब लीग और इस्लामिक सहयोग संगठन है। इजरायल ने छह मुस्लिम देशों पर मिसाइलें दांगी थी और लड़ाकू विमानों से हमले किए थे। खासकर कतर पर उसने बम बरसाये थे। इजरायल का आरोप है कि कतर सहित अन्य मुस्लिम देश हमास के नेताओं का संरक्षन देते हैं, पोषक की भूमिका निभाते हैं और संहारक भी बनाते हैं। जहां तक कतर की इस कसौटी पर संलिप्तता की बात है तो इसमें अनिवार्य तौर पर तथ्य शामिल हैं। कतर सभी मुस्लिम आतंकवादी संगठनों का संरक्षणकर्ता है और पालनहार है। आपको याद दिला दें कि हमास ही नहीं बल्कि तालिबान और अलकायदा का भी कतर संरक्षणकर्ता रहा है। तालिबान के बड़े नेता कतर में ही रहते थे और वहीं से अमेरिका के खिलाफ हिंसा की नीति को आगे बढ़ाते थे। अमेरिका और तालिबान के बीच में शांति समझौते को लेकर हुई बातचीत भी कतर में हुई थी। हमास के बड़े नेता कतर में संरक्षण पाए हुए हैं और कतर से ही इजरायल के खिलाफ अभियान जारी रखे हुए हैं। इजरायल का एक्शन हमास को समाप्त करने को लेकर जारी है। इजरायल

कहता है कि जब तक हमास का अस्तित्व नहीं मिटता है, उसका संहार नहीं होता है तब तक उनकी मिसाइलें और लड़ाकू विमानें उड़ती रहेंगी। हमारी मिसाइलें वहीं गिरेंगी जहां पर हमास के हिंसक आतंकवादी संरक्षण पाए हुए हैं। इसी दृष्टिकोण से इजरायल ने छह मुस्लिम देशों के स्थित हमास के ठिकानो पर हमला किया था। ईरान तो अब चुप हो गया है और ईरान की हमास के पक्ष में भड़काऊ बयानबाजी थम गई। ईरान को मालूम है कि हमास के पक्ष मे जितना ज्यादा बोलेगा, उतना ही उस पर इजरायल की मिसाइलें गिरेगी।

इजरायल के हमले के बाद मुस्लिम देश नाटो की तरह एक सुरक्षा कवच बनाना चाहते थे। इसी दृष्टिकोण से जुटे हुए थे। इस्लामिक सहयोग संगठन मुस्लिम देशों की एक साक्षा सुरक्षा कवच बनाने के लिए प्रतिबद्ध था और अपना इरादा भी जाहिर किया था। खासकर पाकिस्तान और तुर्की बहुत ज्यादा उत्साहित थे। पाकिस्तान इस मामले में बहुत ही उतावला था और आगे बढ़कर हिंसक रूप से समर्थन कर रहा था। पाकिस्तान की जल्दबाजी इतनी थी कि तुरंत ही नाटो की तरह हमारा रक्षा संगठन खड़ा होना चाहिए। इस प्रसंग में पाकिस्तान अपना हित देख रहा था और अपने हित की कसौटी पर मुस्लिम देशों को उकसा रहा था। पाकिस्तान भविष्य की दृष्टि से अपने आप को देख रहा था। हाल ही में पाकिस्तान पर भारत का हमला हुआ था और भारत ने उसकी संप्रभुत्ता को रौंदा था। पाकिस्तान अपने बल पर भारत का सामना नहीं कर पाया था। पाकिस्तान की दूरदृष्टि थी कि भारत के साथ संघर्ष में अरब-मुस्लिम नाटो उसका साथ देगा और भारत का संहार करेगा। तुर्की भी अरब मुस्लिम दुनिया का चौधरी बनने के लिए तत्पर था। लेकिन अन्य मुस्लिम देश भविष्य के खतरे और संकट को भांप गये। पाकिस्तान खुद कंगाल है, कटौरे लेकर भीख मांगता है और आतंकवाद की फैक्टरी लगाकर दुनिया को संकट में डालता है। पाकिस्तान के लोग मुस्लिम देश में जाते हैं तो फिर वहां पर विखंडन और मजहबी कुरीतियों की आग लगा देते हैं, इस कारण अरब के कई मुस्लिम देशों में पाकिस्तानी मुसलमानों को नापसंद किया जा रहा है। अरब-मुस्लिम नाटो संगठन खड़ा करने के पीछे नेतृत्व की समस्या थी, पैसे की समस्या थी। अरब-मुस्लिम नाटो का केन्द्रीय कार्यालय कहां बनेगा, किस देश में बनेगा और उसका प्रमुख कौन होगा? अरब मुस्लिम नाटो संगठन के गठन पर अरबो-खरबों डॉलर खर्च होगा, सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि हर साल इसकी सक्रियता पर करोड़ों और अरबों डॉलर खर्च होंगे। सबसे बडी बात यह है कि ऐसी सैनिक फोर्स किसके प्रति जिम्मेदार होगी, इस्लाम के प्रति जिम्मेदार होगी तो फिर किसी देश का नियंत्रण ऐसी फौज स्वीकार ही नहीं करेगी। इस कसौटी पर ऐसी कोई सेना खुद भस्मासुर की प्रतीक बन जाएगी।

हमास को लेकर खुद मुस्लिम देश एकमत नहीं है। हमास एक आतंकवादी संगठन है और उसकी हिंसक करतूतों ने मानवता के प्रति घिनौना उदाहरण प्रस्तुत किया है। नाटो जैसा कोई भी अरब-मुस्लिम नाटो सैनिक फोर्स का खड़ा होना मुश्किल है। हथियार कहां से आएगा? तकनीक कहां से मिलेगी? तकनीक और हथियार तो अमेरिका और यूरोप से मिलेंगे। चीन और रूस हथियार भी देंगे तो उसकी कीमत खूब वसूलेंगे। फिर इजरायल के पक्ष में सैनिक गठबंधन बनेगा, फिर भारत, दक्षिण कोरिया जैसे देश भी अपनी सुरक्षा के लिए इजरायल के साथ सैनिक गठबंधन के लिए मजबूर होंगे। नाटो और अमेरिका भी ऐसी कोई सेना को अपने विरुद्ध मानेगा। फिर पाकिस्तान-तुर्की और हमास जैसी शक्तियां अरब-मुस्लिम नाटों का सपना देखते रहें, यह सपना सच होने वाला नहीं है।

(ये स्वतंत्र लेखक के अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

उम्मीद
संतोष कुमार भार्गव

मणिपुर में शांति और विकास फिर लौटेगा

निस्संदेह, पिछले दो वर्षों से अधिक समय से हिंसाग्रस्त मणिपुर का संकट लाइलाज-सा नजर आता रहा है। अब केंद्र सरकार और राज्य के दो प्रमुख कुकी-जो समूहों के बीच बीते गुरुवार को हस्ताक्षरित ऑपरेशन निलंबन समझौते से अशांत मणिपुर में शांति बहाली तथा सामान्य स्थिति बनाए रखने के प्रयासों को बल मिलने की उम्मीद जगी है। उम्मीद है कि इस प्रयास से राज्य की क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित की जा सकेगी। समझौते के बाद निर्दिष्ट शिविरों को संवेदनशील क्षेत्रों से स्थानांतरित करने और राज्य में दीर्घकालिक शांति तथा स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में भी सहमति बनी है। वहीं, यह घटनाक्रम इस कारण से भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते दिनों मणिपुर का दौरा कर चुके हैं। विपक्ष लंबे समय से मांग करता रहा है कि प्रधानमंत्री मणिपुर क्यों नहीं जाते। अब विपक्ष का मुंह पीएम मोदी ने बंद कर दिया है। मई, 2023 में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच जातीय हिंसा भड़कने के बाद प्रधानमंत्री की इस संवेदनशील राज्य की यह पहली यात्रा थी। विगत में विपक्ष लगातार आरोप लगाता रहा है कि केंद्र ने मणिपुर को उसके हाल पर छोड़ दिया। विपक्ष ने राज्य में डबल इंजन सरकार के दौरान कुशासन का आरोप भी लगातार लगाया है। विरोधी जो भी कहें, यह नहीं भूलना चाहिए कि संघर्ष आरंभ होने के शुरुआती दिनों में ही गृहमंत्री अमित शाह ने राज्य का दौरा किया था। उसके पहले से गृह मंत्रालय के अनेक अधिकारियों ने वहां डेरा डाला था। आशा है कि समझौते के मुताबिक कुकी विद्रोहियों के खिलाफ एक साल तक सैन्य अभियान रोकने पर बनी सहमति कायम रहेगी। यह समझौता पहले भी था, लेकिन हथियारबंद समूहों द्वारा हिंसा जारी रखने के कारण इसे निलंबित करना पड़ा। समझौते में कुछ नई शर्तें भी जोड़ी गई हैं, जिनमें कड़ी निगरानी के साथ उल्लंघन की स्थिति में समीक्षा शामिल है। इसका अर्थ हुआ कि सरकार ने न्यायसंगत मांगों को स्वीकार किया है, लेकिन हिंसा बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हाल के महीनों में अपेक्षाकृत शांति का एक मुख्य कारण यह भी है कि कई आतंकवादियों ने राज्य के अधिकारियों की अपील के जवाब में लूटे गए हथियार कानून प्रवर्तन एजेंसियों को लौटाए हैं। निश्चित रूप से हाल ही में हुआ समझौता लंबे समय से अशांत चल रहे मणिपुर के हित में एक स्वागत योग्य कदम ही कहा जाएगा। इसके बावजूद कुछ पेचीदा मुद्दे अभी भी सुलझाने बाकी हैं। इस मुहिम में विभिन्न हितधारकों को शामिल करने की जरूरत है। राज्य में एक प्रभावशाली नागरिक समाज समूह, कुकी-जो काउंसिल ने स्पष्ट किया है कि वह मैतेई और कुकी-जो क्षेत्रों के बीच बफर जोन में अप्रतिबंधित या मुक्त आवाजाही के पक्ष में नहीं। यह भी कि मणिपुर के नागाओं के शीर्ष निकाय ने मुक्त आवागमन व्यवस्था को समाप्त करने और भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का विरोध किया है। इसके अलावा विरोध में राज्य में समुदाय वाले सभी क्षेत्रों में व्यापार प्रतिबंध लागू करने की चेतावनी भी दी है। उल्लेखनीय है कि राज्य में जातीय संघर्ष की मूल वजह बहुसंख्यक मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा हासिल करने की मांग रही है। इस मांग पर उपजे टकराव को दूर करने तथा कुकी और नागाओं का विश्वास फिर से हासिल करने के प्रयास प्राथमिकता के आधार पर किए जाने की जरूरत है। वर्तमान समझौते में मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता बनाए रखने की प्रतिबद्धता शामिल है। यह कुकी समूहों की अलग प्रशासन की मांग में बदलाव का संकेत है। मैतेई इस मांग का विरोध करते रहे हैं। हालांकि सभी कुकी समूहों को इससे सहमत कराना कठिन है। समझौते पर हस्ताक्षर होने के कुछ ही समय बाद, सिविल सोसायटी समूह कुकी-जो काउंसिल ने भारतीय संविधान के तहत अलग प्रशासन के लिए राजनीतिक बातचीत की आशा का वक्तव्य दिया। ऐसा कहने वाले मिल जाएंगे कि जब तक वित्त और प्रशासन का नियंत्रण घाटी के लोगों के पास रहेगा, पहाड़ी जिलों के विकास की अनदेखी होगी। लेकिन सामूहिक आकांक्षाओं के मुताबिक विकास योजनाओं पर अमल हो तो यह सोच भी बदल जाएगी। पीएम मोदी ने अपनी हालिया यात्रा में कहा, 'मणिपुर आशा और आकांक्षाओं की भूमि है। लेकिन दुर्भाग्य से यह हिंसा की चपेट में आ गया है। मैं आने वाले दिनों में राज्य के लिए आशा और विश्वास की एक नई सुबह देख रहा हूं।' मोदी ने संघर्ष से विस्थापित लगभग 60,000 लोगों के उचित पुनर्वास और राज्य में स्थायी शांति लाने का आश्वासन दिया। उम्मीद की जानी चाहिए कि दोनों पक्ष शांति का माहौल कायम रखने में अपनी अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाएं, जिससे मणिपुर पुनः विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ सके।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

दर्शन

जीवन ऊर्जा पर करें मन को केंद्रित

संकलित

बुद्धिमान व्यक्ति इस ब्रह्मांड, इस संसार से परे चले जाते हैं और अमरत्व को प्राप्त कर लेते हैं। लेकिन कैसे? वस्तुतः हमारे भीतर कुछ ऐसा होता है, जो कभी नहीं मरता, जो कभी बूढ़ा नहीं होता। इस बारे में प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से सोचता है। अगर आप देखें तो छोटे बच्चे बड़े हो रहे हैं और स्थितियां भी बदल रही हैं, लेकिन कई बार आप महसूस करते हैं कि आप नहीं बदल रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं- मैं तो बूढ़ा हुआ ही नहीं/हुई ही नहीं। भीतर से आपको महसूस होता है कि सिर्फ समय बीता है, आपमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह सच भी है, क्योंकि आपके भीतर एक ऐसा अंश है, जो न तो बदलता है और न ही मरता है। यही एक दूसरी दुनिया है, जहां अमरत्व है। मृत्युलोक वह है, जहां सब कुछ बदल जाता है। मृत्यु का अर्थ है परिवर्तन या क्षय। आप इस नाशवान संसार से अमरत्व, अपरिवर्तनशील संसार, शाश्वत-आत्मा की ओर मुड़ जाते हैं, जो आपके भीतर है। आपके मन के पीछे है। आत्मा वह नहीं है, जिसे आप देख सकें, बल्कि वह है, जिसे आप अपने भीतर महसूस करते हैं। यह प्राणों का प्राण है। जब प्राण उच्च स्तर में होता है, तब आप हर परिस्थिति में मुस्कुरा सकते हैं। आप अपनी दैनिक गतिविधियों में प्राण ऊर्जा को खर्च करते हैं। यदि आप प्राण की कमी को पूरा किए बिना प्राण को खर्च करते रहते हैं, तब आपको अवसाद घेर लेता है। जीवन विरोधी चिह्न शरीर में उत्पन्न होने लगते हैं और सौंदर्य नष्ट होने लगता है। अपने प्राण, अपने श्वास का निरीक्षण करें।

प्रेरणा

श्रमरहित पराश्रित जीवन से विकास के द्वार बंद



संकलित

महर्षि वेदव्यास ने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। उन्होंने उससे पूछा- हे क्षुद्र जंतु, तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? उनके प्रश्न ने कीड़े को चोट पहुंचाई और वह बोला- हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं। यहां क्षुद्र कौन है और महान कौन? क्या इस प्रश्न और उसके उत्तर की सही-सही परिभाषा संभव है? कीड़े की बात ने महर्षि को निरुत्तर कर दिया। फिर भी उन्होंने उससे पूछाः अच्छा यह बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? कीड़े ने कहा- मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूँ। देख नहीं रहे, पीछे से कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीड़े के उत्तर ने महर्षि को चौंकाया। वे बोले, तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और बेहतर शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोलाः महर्षि, मैं तो इस कीट योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूं, परंतु ऐसे प्राणी असंख्य हैं, जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझसे भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। कीड़े की बातों में महर्षि को सत्यता नजर आई। वे सोचने लगे कि वाकई जो मानव जीवन पाकर भी देहासक्ति और अहंकार से बंधा है, जो ज्ञान पाने की क्षमता पाकर भी ज्ञान से विमुख है, वह कीड़े से भी बदतर है। महर्षि ने कीड़े से कहा- नन्हें जीव, चलो हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़ा बोला- किंतु मुनिवर श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद कर देता है। कीड़े के कथन ने महर्षि को ज्ञान का नया संदेश दिया।

अंतर्मन



आज की पाती

किसानों के लिए आफत बनती बारिश

कभी सूखे के कारण तो कभी बेमौसमी बारिश देश की कृषि के लिए आफत बनती है। कुछ राज्यों में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है, जबकि इस समय तक बरसात के मौसम का अलविदा कहने का समय है। यह बारिश धान और अन्य मौसमी फसलों के लिए बहुत हानिकारक सिद्ध हो रही है। यह बारिश मात्र फसलों के लिए ही हानिकारक नहीं है, बल्कि प्राणी जाति के लिए भी बहुत ज्यादा हानिकारक है। इससे फसल चक्र का सिस्टम तो बिगड़ ही रहा है, जिससे फसलों की पैदावार प्रभावित हो रही है, साथ ही यह हमें बीमारियों की तरफ भी धकेल रही है। लेकिन सवाल तो यह है कि बेमौसमी बारिश का आखिर क्या कारण है। ऐसे में, प्रकृति का संरक्षण ही एकमात्र समाधान नजर आता है।

– मनोज शुक्ला, बेमेतरा

ट्रेंड

विकास कार्यों का उद्घाटन

डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में राजस्थान लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आज बांसवाड़ा से हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास प्रदेश की प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

शुभांशु शुक्ला को बधाई

मुंबई कॉन्क्लेव 2025 में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से मुलाकात की, जहाँ अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री को सम्मानित किया गया। उन्हें 1.4 अरब दिलों के सपनों को समेटे, पूरे देश में साहस, समर्पण और असीम महत्वाकांक्षा को प्रेरित करने वाली यात्रा सफलतापूर्वक पूरी करने पर बधाई दी।

-देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र

सेवा पखवाड़ा

सेवा पखवाड़ा दिल्लीवासियों के लिए हर दिन नई सौगातें लेकर आ रहा है। आज दिल्ली सचिवालय से शुरू हुई ये स्वास्थ्य सुविधाएं इलाज को और सरल व सुलभ बनाएंगी और हर नागरिक के जीवन में सुरक्षा और विश्वास का नया संबल जोड़ेंगी।

-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

चिकित्सा की उपेक्षा

सरकार 'मरीज और डॉक्टर' का अनुपात बताए मतलब वर्तमान में कितने मरीजों के लिए कितने डॉक्टर उपलब्ध हैं। स्वास्थ्य और चिकित्सा की उपेक्षा देश के मानव संसाधन की उपेक्षा है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

करंट अफेयर

तटीय क्षेत्र मजबूती को भारत-सिंगापुर में करार

सिंगापुर की सीट्रियम ऑफशोर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड (एसओटी) ने एशिया भर में तटीय क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के लिए भारत की सबसे बड़ी जहाज निर्माता और जहाज मरम्मत कंपनी कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू के तहत दोनों कंपनियां अपनी पूरक शक्तियों – एसओटी की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता, विशेष उपकरण और तटीय समाधान एवं सीएसएल के व्यापक बुनियादी ढांचे, निर्माण सुविधाओं और जहाज मरम्मत विशेषज्ञता को व्यावसायिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए इस्तेमाल करेंगी। एसओटी ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह साझेदारी एशिया में ग्राहकों के लिए रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉल परियोजनाओं पर केंद्रित होगी। एसओटी ने कहा कि एमओयू पर डिजिटल तरीके से हस्ताक्षर किए गए, जो पूरे एशिया में तटीय इंजीनियरिंग में एक महत्वपूर्ण सहयोग को दर्शाता है। दोनों कंपनियां इस क्षेत्र के अन्य प्रमुख तटीय बाजारों में विस्तार के अवसरों का भी पता लगाएंगी। एसओटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रमुख विंस्टन चेंग ने कहा, ''यह समझौता ज्ञापन, एशिया भर में अपनी वैश्विक उपस्थिति बढ़ाने के सीट्रियम के प्रयासों में एक रणनीतिक मील का पत्थर है।

ऑफ बीट

मोटापा लोगों को गहराई तक प्रभावित करता है

ज्यादा वजन वाले लोग एक ऐसे कलंक में जी रहे होते हैं, जो व्यापक है और इन लोगों को कहीं गहराई तक प्रभावित करता है। इसे भेदभाव के अंतिम स्वीकार्य रूपों में से एक के रूप में वर्णित किया गया है। कुछ शोधकर्ता सोचते हैं कि 'मोटापा' शब्द ही समस्या का हिस्सा है, और कलंक को कम करने के लिए नाम बदलने की मांग कर रहे हैं। उनका सुझाव है कि इसका नाम 'वसा-आधारित पुरानी बीमारी' रख दिया जाए। बड़े शरीर में रहने वाले 42 प्रतिशत वयस्कों को अपने वजन को लेकर शर्मिंदगी का अनुभव होता है। ऐसा तब होता है जब दूसरों की उनके प्रति नकारात्मक मान्यताएं, दृष्टिकोण, धारणाएं और निर्णय होते हैं, उन्हें गलत तरीके से आलसी समझा जाता है और यह माना जाता है कि उनमें इच्छाशक्ति या आत्म-अनुशासन की कमी होती है। बड़े शरीर वाले लोग कार्यस्थल, अंतरंग और पारिवारिक संबंधों, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और मीडिया सहित कई क्षेत्रों में भेदभाव का अनुभव करते हैं। वजन को लेकर शर्मिंदगी महसूस करना बढ़े हुए कोर्टिसोल स्तर (शरीर में मुख्य तनाव हार्मोन), शरीर की नकारात्मक छवि और खराब मानसिक स्वास्थ्य सहित कई नुकसान से जुड़ा हुआ है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

हरियाणा सरकार
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
सेवा ही संकल्प,
राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा...75 वर्ष
दीनदयाल लाडो लक्ष्मी एप फोन में डालो
₹2100
अब हर महीने पा लो
नॉन-स्टॉप हरियाणा
महिलाओं से किया वादा, किया पूरा
1 नवम्बर, 2025 से शुरू होगा
सीधे आपके बैंक खाते में भुगतान
एप प्ले स्टोर पर भी उपलब्ध
दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना
सम्मान भी, सुरक्षा भी
सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

1962 के भारत-चीन युद्ध पर सीडीएस अनिल चौहान का बड़ा बयान

वायुसेना का इस्तेमाल न करना गंभीर भूल थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान वायुसेना का इस्तेमाल न करने का फ़ैसला एक गंभीर भूल थी। वायुसेना के इस्तेमाल से चीनी आक्रमण काफ़ी धीमा हो जाता और इससे सेना को तैयारी के लिए और ज़्यादा समय मिल जाता। उस समय भारत के इस एक्शन को बढ़ती हुई आक्रामकता कहा जा सकता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है जैसा कि ऑपरेशन सिंदूर में देखा गया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश में सुरक्षा के हालात बदल गए हैं और अब युद्ध का स्वरूप ही बदल गया है। जनरल चौहान ने यह टिप्पणी बुधवार को पुणे में दिवंगत लेफ्टिनेंट जनरल एसपीपी थोराट की संशोधित आत्मकथा 'रेवेइल टू रिट्रीट' के विमोचन के दौरान एक रिकॉर्डेड वीडियो संदेश में की। उन्होंने अपने बयान में 1962 युद्ध से दो अहम रणनीतिक सबक की बात की।

देश में सुरक्षा के हालात बदल गए हैं अब युद्ध का स्वरूप ही बदल गया है

पूरी तरह से बदल चुका है भूगोल

सीडीएस ने कहा कि अब भूगोल पूरी तरह बदल गया है और जियो पॉलिटिक्स भी पूरी तरह से बदल चुकी है। फॉरवर्ड पॉलिसी को लद्दाख और नेफा पर एक समान रूप से लागू नहीं किया जाना चाहिए था। दोनों क्षेत्रों में विवाद का इतिहास, सुरक्षा परिदृश्य और भू-भाग बिल्कुल अलग थे। लद्दाख में, चीन पहले ही भारतीय भूभाग के एक बड़े हिस्से पर कब्ज़ा कर चुका था, जबकि नेफा में, भारत का दावा ज़्यादा मज़बूत था। मेरे विचार से, दोनों को समान मानना और समान नीतियां अपनाना थोड़ा वाजत था।

एयर पावर का इस्तेमाल करना जरूरी

सीडीएस चौहान ने कहा कि भविष्य में चीन के किसी भी आक्रमण को कमजोर करने के लिए एयर पावर का इस्तेमाल ज़रूरी है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि आधुनिक युद्ध में अधिकांश देश किसी भी बाहरी खतरे का मुकाबला करने के लिए एयर डिफेंस सिस्टम और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों का उपयोग कर रहे हैं।

एलएसी पर मजबूत और टिकाऊ डिफेंस

दूसरा, अग्रिम मोर्चों पर दूर एक दूसरे से अलग-थलग चौकियां स्थापित करने की रणनीति त्रुटिपूर्ण रही। सीडीएस ने इन नीतियों की आलोचना की और कहा कि यह रणनीति भारतीय सेना की मौजूदा रणनीति के बिल्कुल विपरीत है। भारत की नीति अब एलएसी पर मज़बूत, हर मौसम में काम करने लायक बुनियादी ढांचा और टिकाऊ डिफेंस बनाने पर केंद्रित है।

अमेरिका के ऊर्जा मंत्री का बड़ा बयान

'रूस छोड़ो, हमारा तेल लो', हम भारत से प्यार करते, उसे सजा नहीं देना चाहते

वॉशिंगटन। अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका, नई दिल्ली के साथ ऊर्जा सहयोग को बढ़ाने के लिए उत्सुक है। राइट ने जोर देकर कहा कि अमेरिका भारत को शुल्क लगाकर दंडित करना नहीं चाहता, बल्कि शांति चाहता है। और इसी प्रक्रिया में अमेरिका को उम्मीद है कि भारत रूसी तेल की खरीद बंद करेगा क्योंकि अमेरिका के पास तेल उपलब्ध कराने के लिए कई सारे विकल्प मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि भारत के साथ हुए अनुभव ने उन्हें कई क्षेत्रों में भारत के साथ ऊर्जा व्यापार और सहयोग बढ़ाने के अपने विश्वास को और मजबूत किया। राइट ने दोनों देशों के बीच सहयोग के क्षेत्रों पर प्रकाश डाला, जिनमें प्राकृतिक गैस, कोयला, परमाणु ऊर्जा, स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन और लिक्विड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) शामिल हैं।

अमेरिका में यूनुस ने उगला जहर

हमें भारत के साथ समस्या, वे पूर्व पीएम की 'मेजबानी' कर रहे

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद मोहम्मद यूनुस ने सरकार की कमान संभाली है। उनकेराज में हिंदुओं के खिलाफ खूब नरसंहार हुआ। उन्होंने अमेरिका के न्यूयॉर्क में बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना का जिक्र करते हुए कहा है कि भारत में उनके रहने से दोनों देशों के बीच तनाव पैदा हुआ। यूनुस ने कहा कि हमें इस समय भारत के साथ समस्या है, क्योंकि उन्हें छात्रों का व्यवहार पसंद नहीं आया। वे हसीना की मेजबानी कर रहे हैं, जो पूर्व पीएम हैं और जिन्होंने यह सारी समस्याएं पैदा कीं और युवाओं की जान ली। इससे भारत और बांग्लादेश के बीच काफी तनाव पैदा हो गया। उन्होंने भारत की ओर इशारा करते हुए कहा कि 'इसके अलावा, दूसरी तरफ से भी कई तरह की झूठी खबरें आ रही हैं, जिनमें तरह-तरह का दुष्प्रचार किया जा रहा है कि यह इस्लामी आंदोलन है जिसने बांग्लादेश पर कब्जा कर लिया है। वे कहते हैं कि मैं भी तालिबान हूं।

बता दें, 22 सितंबर को न्यूयॉर्क पहुंचने पर मोहम्मद यूनुस को विरोध का सामना करना पड़ा था। जेएफके अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने यूनुस के खिलाफ जमकर नारे लगाए थे। इसके अलावा, अंडे भी फेंके गए थे। पिछले साल अगस्त महीने में युवाओं के आंदोलन के बाद शेख हसीना को पीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा था। कई दिनों तक छात्र सड़कों पर रहे थे और फिर अगस्त के शुरुआत में आंदोलन उग्र हो गया। शेख हसीना के छोड़ने के बाद प्रदर्शनकारियों ने पीएम आवास तक पर कब्जा करके उसे तबाह कर दिया था।

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की का बड़ा ऐलान

रूस के खिलाफ जंग खत्म होते ही खुद ही छोड़ दूंगा राष्ट्रपति पद

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

रूस के साथ करीब चार साल से चल रही जंग के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने साफ कहा कि रूस के खिलाफ युद्ध खत्म होने के बाद वह राष्ट्रपति पद छोड़ने को तैयार हैं। जेलेंस्की ने कहा कि मेरा मकसद जंग खत्म करना है और उसके बाद इस पद पर नहीं रहना चाहता। उनका इरादा शांतिकाल में अपने देश का नेतृत्व करने का नहीं है। जेलेंस्की ने यह भी कहा कि अगर रूस के साथ सीजफायर हो जाता है, तो वह यूक्रेन की संसद से चुनाव कराने के लिए कहेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा मकसद जंग खत्म करना है, न कि पद के लिए भाग-दौड़ को जारी रखना। यूक्रेन में जंग की वजह से चुनाव अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिए गए हैं और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से लेकर तमाम आलोचकों ने इस मुद्दे को उठाया है। जेलेंस्की ने कहा कि सुरक्षा स्थिति और यूक्रेन का संविधान, दोनों ही चुनाव कराने में चुनौतियां पेश करते हैं। लेकिन उनका मानना है कि चुनाव मुमकिन हैं। जेलेंस्की ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून पूरी तरह काम नहीं करता, जब तक आपके पास ताकतवर दोस्त न हों जो आपके लिए डटकर खड़े रहें। उन्होंने कहा कि अगर यूक्रेन को दोस्तों और ज्यादा मजबूत सुरक्षा मिले, तो यह दिखाएगा कि अपने देश की रक्षा करना सभी का अधिकार है। सिर्फ कुछ चुनिंदा देश ही इसके हकदार नहीं हैं। रूस के साथ व्यापार करने वाले देशों से उन्होंने कहा कि युद्ध बहुत लोगों पर असर डाल रहा है।

कानून नहीं, हथियार तय करते हैं कौन बचेगा

पुतिन को अभी रोकें

जेलेंस्की ने बुधवार को यूएन महासभा (यूएनजीए) को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पुतिन को अभी रोकना बाद में बंदरगाहों और जहाजों को समुद्री ड्रोन हमलों से बचाने के मुकाबले सस्ता रास्ता है। रूसी हमले की वजह से यूक्रेन को अंडरग्राउंड स्कूल और अस्पताल बनाने पड़े हैं। कौनसा देश ऐसे दिन देखना चाहता है। जेलेंस्की ने कहा कि अगर कोई देश शांति चाहता है, तो उसे हथियारों पर काम करना होगा। यह दुखद है, लेकिन यही हकीकत है। न तो अंतरराष्ट्रीय कानून और न ही सहयोग, बल्कि हथियार तय करते हैं कि कौन बचेगा। उन्होंने यूएन सुरक्षा परिषद पर भी नाराजगी जताई। रूस इसका परमानेंट मेंबर है और उसके पास वीटो का अधिकार है।